भाद्रपद शुक्ल पक्ष-5, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 77 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
07 सितम्बर 2024 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
30 अधिकतम
23 न्यूनतम



गणेश चतुर्थी आज

# सुनीता को लिए बिना स्पेसक्राफ्ट वापस लौटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुश विलमोर को स्पेस स्टेशन ले जाने वाला स्पेस क्राफ्ट तीन महीने बाद धरती पर सुरक्षित लैंड हो गया है। तीन बड़े पैराशूट और एयरबैग की मदद से इसकी सुरक्षित लैंडिंग हुई लेकिन इसमें सुनीता नहीं लौट सकीं। बोइंग कंपनी ने नासा संग मिलकर यह स्पेस क्राफ्ट बनाया है। बीती 5 जून को इससे सुनीता और बुच को अंतरिक्ष भेजा गया था। यह सिर्फ आठ दिन का मिशन था, लेकिन तकनीकी दिक्कत के कारण इसकी वापसी टालनी पड़ी थी। लिहाजा स्पेसक्राफ्ट बिना क्रू के पृथ्वी पर वापस आया। यह स्पेस क्राफ्ट भारतीय समयानुसार आज तड़के 3.30 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ था। इसको धरती पर आने में करीब 6 घंटे लगे। स्टारलाइनर ने 9 बजकर 15 मिनट पर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया था। तब इसकी गति करीब 2,735 किमी प्रति घंटा थी। यह सुबह 9 बजकर 32 मिनट पर अमेरिका में न्यू मैक्सिको के व्हॉइट सैंड स्पेस हॉर्बर (रेगिस्तान) में लैंड हुआ। खबरों के मुताबिक स्पेस क्राफ्ट की वापसी और इससे जुड़े अपडेट को लेकर नासा जल्द प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। मगर बोइंग का प्रतिनिधि मौजूद नहीं रहेगा। दरअसल, नासा ने 24 अगस्त को बोइंग के स्पेस क्राफ्ट स्टारलाइनर को सुनीता विलियम्स की वापसी के लिए असुरक्षित बताया था। इसके बाद से ही स्टारलाइनर से जुड़े किसी भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोइंग का कोई भी अधिकारी शामिल नहीं हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक स्पेस क्राफ्ट को नासा व बोइंग की टीम असेंबली यूनिट में लेकर जाएगी। वहां पर उसकी जांच की जाएगी। पता किया जाएगा कि स्टारलाइन के प्रॉपल्शन सिस्टम में क्यों खराबी आई। किस वजह से हीलियम लीक हुई।

### खाली स्पेस क्राफ्ट लाना सही फैसला

नासा के पूर्व एस्ट्रोनॉट गैरेट रीसमैन ने कहा है कि खाली स्पेस क्राफ्ट को लाने का फैसला बिल्कुल सही है। रीसमैन फिलहाल इलॉन मस्क की स्पेसएक्स से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि भले ही स्टारलाइनर सुरक्षित लैंड कर गया है मगर इसकी इसे लेकर कोई भी निश्चिंत नहीं था। उधर सेफ लैंडिंग के बाद स्पेस स्टेशन में मौजूद सुनीता विलियम्स ने खुशी जताई है।



### 8 दिन में आना था, अब कई महीने लगेंगे

सुनीता विलियम्स स्टारलाइनर नाम के स्पेसक्राफ्ट में सवार होकर स्पेस मिशन पर गई थीं। यह अमेरिकी एयरक्राफ्ट कंपनी बोइंग और नासा का संयुक्त 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' है। इसमें सुनीता, स्पेसक्राफ्ट की पायलट थीं। उनके साथ गए बुश विलमोर मिशन कमांडर थे। दोनों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में 8 दिन रुकने के बाद वापस पृथ्वी पर आना था, लेकिन स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी दिक्कतों और हीलियम गैस के रिसाव के चलते सुनीता वहीं फंसी हैं और उनकी वापसी में अभी कई महीने लगेंगे।

## शहीद का अंतिम संस्कार आज कटनी में

**भोपाल।** सिक्किम के पाक्योंग में हुए सड़क हादसे में शहीद चार जवानों में एक जवान कटनी जिले के विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के हरदुआ कला गांव का रहने वाला था। प्रदीप सेना में ड्राइवर के पद पर थे। आज शहीद को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जा रही है। इस दौरान सीएम मोहन यादव और क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा और जिले प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहेंगे। शहीद की पार्थिव देह को जबलपुर तक विशेष विमान से लाई जा रही है। प्रदीप 2020 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। वे परिवार के इकलौते बेटे थे। अभी शादी भी नहीं हुई थी। उनकी दो बड़ी बहनें हैं। खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सीएम से प्रदीप पटेल के परिवार को एक करोड़ की सम्मान निधि दिलाने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा है। उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और शासन की दूसरी सुविधाएं देने की मांग रखी है।



## मणिपुर में ड्रोन की दहशत

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा की घटनाएं फिर से बढ़ गई हैं और अब उग्रवादियों ने रॉकेट और ड्रोन्स से हमले शुरू कर दिए हैं। चुराचांदपुर से सटे बिष्णुपुर जिले में दस घंटे के भीतर दो रॉकेट हमले हुए। अधिकारियों ने बताया कि बिष्णुपुर और इंफाल ईस्ट जिलों में शुक्रवार रात को कई ड्रोन उड़ते देखे गए। इससे लोगों में इतनी दहशत फैल गई कि लोगों ने अपने-अपने घरों की लाइटें बंद कर दीं। हाल ही में इंफाल वेस्ट जिले में दो जगहों पर ड्रोन और बम से हमला किया गया। ड्रोन्स देखे जाने के बाद से मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के नारायणसेना, नाम्बोल कामोंग और इंफाल ईस्ट जिले के पुखाओ, दोलाईथाबी, शांतिपुर इलाकों के लोग दहशत में हैं। सुरक्षाबल हाई अलर्ट पर हैं। बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार रात को कई लाइटिंग राउंड फायर भी किए गए। इससे लोग डर गए और लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई।



## आज 14 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**भोपाल।** आज मप्र के 14 जिलों में बारिश का अनुमान है। इनमें श्योपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, उज्जैन, झाबुआ, धार, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, डिंडौरी और उमरिया जिले शामिल हैं। भोपाल में सुबह रिमझिम हुई। वहीं सारंगपुर में 11 बजे से तेज बारिश हो रही है। खरगोन में शुक्रवार रात को कुंदा नदी का रपटा पार कर रहे दो युवक बाइक समेत बह गए। इस दौरान रपटे पर डेढ़ फीट ऊपर से पानी बह रहा था। एक युवक जैसे-तैसे बाहर आ गया, जबकि दूसरा युवक बाइक बचाने के चक्कर में बह गया। शनिवार को नदी में उसकी तलाश की जा रही है।मौसम विभाग के अनुसार मानसून ट्रफ के प्रदेश से गुजरने और आंध्र प्रदेश-ओडिशा में एक्टिव लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) की वजह से ऐसा होगा। हालांकि, कई जिलों में तीखी धूप भी निकलेगी।

## बागसेवनिया में बदमाशों का तांडव युवक की हत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बागसेवनिया स्थित राजा भोज तिराहा पर बीती देर रात आधा दर्जन बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू उसकी नाक के पास और पेट में लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। और एम्स में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के मामा की शिकायत पर एक नामजद आरोपी समेत अन्य आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि हत्यारों में नाबालिग भी शामिल है। पुलिस के अनुसार 24 साल का राज यादव, अरविंद विहार में रहता है। उसने पुलिस को बताया कि उनका भांजा गजेंद्र यादव साथ रहता था और प्राइवेट काम करता था। बीती रात वह राजा भोज तिराहा पर सामान खरीदने के लिए गया था। इस दौरान शर्मा आप्टिकल्स के पास साहिल अपने साथियों के साथ बैठा हुआ था। गजेंद्र के पास ई स्कूटर था और उसमें वह गाना बजा रहा था। इसी बात को लेकर साहिल और उसके साथियों ने गजेंद्र से गालीगलौज कर दी। गजेंद्र ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की व चाकू से हमला कर दिया। गजेंद्र से मारपीट और चाकूबाजी की घटना करीब साढे ग्यारह बजे की है। इसकी जानकारी राज यादव को लगी तो दोस्तों के साथ मौके पर पहुंचे और गजेंद्र को लेकर एम्स आए जहां आज सुबह इलाज के दौरान गजेंद्र की मौत हो गई। अभी केवल एक ही आरोपी साहिल की पहचान की जा सकी है।

**आरोपियों में नाबालिग भी शामिल**

## तुर्किए हवाईअड्डे पर फंसे भारतीय यात्री

**मुंबई।** मुंबई से फ्रैंकफर्ट (यूके 27) की ओर जा रहे विस्तारा बोइंग 787 विमान में शुक्रवार को बम होने की खबर से हड़कंप मच गया था। विमान को सुरक्षा कारणों से तुर्किए के एर्जुरूम हवाईअड्डे पर उतारा गया था। हालांकि, अब विस्तारा ने यात्रियों को परेशानी न हो इसलिए वैकल्पिक विमान भेजने का फैसला लिया है। प्लेन में बम है...फ्रैंकफर्ट की ओर जा रहे विस्तारा बोइंग 787 के टॉयलेट में एक टिश्यू पेपर पर यह मैसेज लिखा हुआ था। इसके बाद विमान को सुरक्षा कारणों से तुर्किए के एर्जुरूम एयरपोर्ट की तरफ डायवर्ट कर दिया गया था। इसके बाद विमान तुर्किए में सुरक्षित रूप से उतारा गया था। विस्तारा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि वैकल्पिक विमान तुर्किए हवाईअड्डे पर दोपहर 12 बजकर 25 मिनट (स्थानीय समयानुसार) पर पहुंचेगा।

## रेलवे सुरंग में तीन मजदूर फंसे, सेना ने दो को बचाया

**इंफाल।** मणिपुर में रेलवे की सुरंग में जमा मलबा साफ करते हुए तीन मजदूर सुरंग में फंस गए। जानकारी मिलते ही भारतीय सेना ने तुरंत राहत व बचाव कार्य चलाया, जिससे दो मजदूरों को बचाया जा सका, जबकि खबर लिखे जाने तक तीसरे की तलाश जारी थी। सूत्रों के मुताबिक, तीन मजदूर माइनर ब्रिज 60 (सुरंग 11 के पास) बेटन थिंगौ (खोंगसांग से 8 किलोमीटर पश्चिम) और खोंगसांग रेलवे स्टेशन के नीचे जमा हुई मिट्टी और मलबे को साफ कर रहे थे। पानी के तेज बहाव से अचानक मलबा हट गया और पानी, कीचड़ और चट्टानों की तेज बहाव से मिट्टी खोदने वाले उपकरण बह गए और तीन मजदूर फंस गए।

### हरियाणा चुनावी दंगल : विनेश और बजरंग को जमकर कोसा

# अब नई कुश्ती: तिलमिलाए ब्रजभूषण ने कहा-आपको भगवान ने सजा दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

अंतर्राष्ट्रीय स्तर के भारतीय रेसलर विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के कांग्रेस में शामिल हो जाने के बाद से भाजपा नेता तिलमिलाए हुए हैं, अब कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख,पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने फोगाट और पूनिया के कांग्रेस में शामिल होने पर कांग्रेस शीर्ष नेताओं पर निशाना साधा है साथ ही विनेश को ओलंपिक पदक से वंचित किये जाने को भी करनी का फल बताया है। सिंह ने कहा कि 'क्या ये सच नहीं है कि एशियन गेम्स में बजरंग बिना ट्रायल के गए थे। मैं कुश्ती के जानकारों और विनेश फोगाट से पूछना चाहता हूं कि क्या एक खिलाड़ी एक दिन में दो वजन में ट्रायल दे सकता है? क्या वजन के बाद पांच घंटे तक कुश्ती रुकवाई जा सकती है? इसमें आपने हक नहीं मारा? क्या रेलवे के रेफरियों का इस्तेमाल नहीं हुआ? आप कुश्ती जीतकर के नहीं गई थीं, आप चीटिंग करके गई थीं, जूनियर खिलाड़ियों का हक मारकर गई थीं, भगवान ने वहीं सजा दी है आपको। 'ब्रभूषण ने कहा, 'लगभग दो साल पहले, इन खिलाड़ियों ने 18 जनवरी को एक साजिश शुरू की थी। तब मैंने कहा था कि यह एक राजनीतिक साजिश है। इसमें कांग्रेस के दीपेंद्र हुड्डा व भूपेंद्र हुड्डा शामिल थे। यह खिलाड़ियों का आंदोलन नहीं था। 'मैं बेटियों का गुनहगार नहीं हूं, वह बजरंग और विनेश है। , बृजभूषण ने आरोप लगाया कि हरियाणा कांग्रेस के नेता 'पहलवानों के आंदोलन' के पीछे थे. एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा, यह कांग्रेस का आंदोलन था। इस पूरे आंदोलन में, हमारे खिलाफ जो साजिश हुई, उसका नेतृत्व हुड्डा कर रहे थे।



## हुड्डा ने बंद कराई राहुल की आप-कहानी !



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के साथ चुनावी समझौते का जोर और शोर थोडा ठंडा पड़ रहा है। कांग्रेस ने 32 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी। हालाकि इस लिस्ट उन सीटों को शामिल नहीं किया गया है, जिस पर आम आदमी पार्टी दावेदारी कर रही है। दोनों के बीच असल पेच सीटों की संख्या पर है। आप पिहोवा, कलायत और जींद समेत 10 शहरी सीटों की डिमांड कर रही है, जबकि कांग्रेस 5 सीट को ही राजी है। सूत्रों के अनुसार, हरियाणा कांग्रेस के सबसे बड़े नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा तो आप के साथ गठबंधन के पक्ष में ही नहीं हैं। वह अपनी राय हाईकमान को पहले ही बता चुके हैं। चूंकि राहुल गांधी ने पहले गठबंधन का ऑफर दे दिया था, इसलिए हुड्डा लिहाज करते हुए आप के लिए सीट छोड़ने को तैयार हैं। चूंकि हुड्डा भी अपने बूते पूर्ण बहुमत को लेकर आश्वस्त हैं इसलिये पार्टी उनकी सलाह पर रणनीति बना रही है। वे राज्य के सबसे बडे जाट नेता कहलाते हैं, यहां 22 फीसदी जाट वोटर हैं।

## ओवरनाइट एक्सप्रेस के दो डिब्बे पटरी से उतरे



**जबलपुर, एजेंसी।**

इंदौर से चलकर जबलपुर आने वाली ओवरनाइट एक्सप्रेस के 2 कोच आज सुबह जबलपुर रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। इनमें एक पार्सल और एक एसी कोच है। घटना में किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 6 पर पहुंच रही थी। इसकी रफ्तार 20 किलोमीटर प्रति घंटे थी। उतरे कोच को फिर से पटरी पर लाने का काम चल रहा है। इससे अप ट्रैक बाधित हुआ है। ट्रेन में 10 से 12 कोच थे। जानकारी मिलते ही पश्चिम-मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय मौके पर पहुंचीं। उन्होंने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं।

## अस्पताल में भर्ती महिला से छेड़छाड़, आरोपी को भेजा जेल

**उज्जैन, एजेंसी।**

शहर के दशहरा मैदान क्षेत्र स्थित संजीवनी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती महिला के साथ मेल नर्स द्वारा छेड़छाड़ की खबर है। महिला द्वारा शोर मचाने पर स्वजन ने हंगामा किया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। टीआई के मुताबिक बड़नगर में रहने वाली वर्षीय महिला को सीने में दर्द होने पर स्वजन संजीवनी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। रात करीब ढाई बजे अस्पताल में पदस्थ मेल नर्स समीर आईसीयू में पहुंचा, उसने महिला से छेड़छाड़ की। सीसीटीवी कैमरों की जांच में समीर तीन बार आईसीयू में जाते हुए नजर आया है। वहीं नानाखेड़ा पुलिस ने एक युवती से दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार किया, कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।

### विदिशा के पास हादसा

## बागेश्वर से लौट रहे श्रध्दालुओं की मौत



**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

आज तडके विदिशा जिले में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह गंभीर रूप से घायल हैं। यह सभी यात्री राजस्थान के झालावाड़ जिले के हैं तथा बागेश्वर धाम से वापस अपने घर झालावाड़ लौट रहे थे। इस दौरान उनका वाहन पीछे से ट्रक में घुस गया। यह 10 श्रद्धालु ईको कार में सवार होकर बागेश्वर धाम गए थे। लौटते वक्त लटेरी में ब्यावरा से बीना नेशनल हाईवे पर सुबह 4 बजे के करीब क्रॉसिंग के दौरान उनका वाहन पीछे से ट्रक में जा घुसा। पुलिस मौके पर पहुंची तो घायलों और मृतकों के शव गाड़ी में बुरी तरह फंसे हुए थे। कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को गाड़ी से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

## गणेश चुतर्थी धूम...





राजधानी में आज गणेश चुतर्थी के चलते शहर में खासी धूम देखी जा रही है। शहर में पंड़ाल सज गए है और प्रतिमाएं खरीदी जा रही है।

### सदर मंजिल में भी हेरिटेज होटल की शक्ल अख्तियार करेगी

# राजधानी के 40 साल पुराने होटल में नए सितारे सजेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में होटलों की सुविधा को नए पंख देने की तैयारी हो रही है। फिलहाल बडे तालाब के ऊपर वाली पहाडी पर बसा पर्यटन निगम का होटल लेक व्यू अशोक को सेवन स्टार दर्जे व सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में कदम बढे हैं तो नवाबकालीन इमारत सदर मंजिल को हैरिटेज होटल में तब्दील करने की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। खास बात यह है कि भोपाल में सितारा होटलों की संख्या अपेक्षाकृत रूप से कम है। इस मामले में इंदौर काफी समय से आगे है।

जानकारी के मुताबिक लेक व्यू अशोक को 7 स्टार बनाने और इसके संचालन के लिए पर्यटन निगम प्राइवेट पार्टनर की तलाश कर रहा है। यह पूरा प्रोजेक्ट पीपीपी मोड पर चलेगा। मॉडल ऐसा तैयार किया जा रहा है कि मालिकाना हक निगम के पास ही रहे। इससे निगम को एक निश्चित आय भी होती रहेगी। उल्लेखनीय है कि सात साल पहले जब होटल लेक व्यू के शेयर निगम को ट्रांसफर हुए थे, तब होटल संचालन के लिए एक स्पेशल पर्पज व्हीकल कंपनी बनाई गई थी। इस कंपनी के माध्यम से ही पूरी नयी योजना को क्रियान्वित किया जाएगा। इस योजना सरकार के स्तर पर प्रारंभिक विचार विमर्श भी हो चुका है। संभव है कि कैबिनेट के समक्ष इसका प्रस्तुतिरण किया जाए और इस पर फैसला लिया जाए। बताया जाता है कि करीब पांच साल पहले भी होटल को निजी हाथों में देने की कोशिश हुई थी। तब निगम ने जो कीमत तय की थी, उस पर कोई भी बड़ी होटल कंपनी तैयार नहीं हुई।

### पहला 7 स्टार लेक व्यू होटल

अभी यह 3 स्टार है। इसमें 4 सुइट, 39 डीलक्स रूम, स्वीमिंग पूल, रेस्टोरेंट आदि हैं।



होटल 7.16 एकड़ में फैला है और यहां के कई कमरों और रेस्तरां से बड़े तालाब का खूबसूरत नजारा दिखता है। लेक व्यू कैम्पस में 8135.60 मीटर बिल्ट अप एरिया है। होटल की शुरूआत करीब चालीस साल पहले हुई थी। तब भारत सरकार के 51 प्रतिशत और मप्र सरकार के 49 प्रतिशत शेयर थे। अब इसमें केंद्र के शेयर नहीं है। यदि योजना सिरे चढी तो यह राजधानी का पहला 7 स्टार होटल होगा।

### सदर मंजिल में नई रौनकें

राजधानी के पुराने हिस्से में बनी करीब सवा सौ साल पुरानी इमारत सदर मंजिल को हैरिटेज होटल में तब्दील करने की घडी करीब है। इसके लिये इमारत को दुरुस्त किया गया है। उसका पुराना स्वरूप फिर उभारा गया है। दरअसल बरसों तक नगर निगम मुख्यालय रहने की वजह से यह इमारत जर्जर हो गई थी। बीते दस साल से यह खाली है। यहां हैरिटेज होटल के लिये 22 कमरे और एक दरबार हाल तैयार किया गया है। फाइव स्टार सुविधाओं वाले इस होटल में फिनिशिंग का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। नवाब शाहजहां बेगम द्वारा बनवाए इस भवन में इंडो वेस्टर्न, यूरोपियन कला का मेल है। मप्र पर्यटन निगम पर्यटकों को रायल फीलिंग देने के लिए प्रदेश के अन्य किलों को हेरिटेज होटल में तब्दील कर रहा है।



# छपी हुई रसीद पर अब पार्किंग शुल्क की वसूली अवैध

### ननि ने कहा सिर्फ पीओएस मशीन से रसीद ही मान्य होगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में पार्किंग शुल्क के नाम पर कहीं वैध और कहीं अवैध वसूली से जूझ व लुट रहे वाहनचालकों के लिये काम की खबर है कि अब कहीं भी छपी हुई रसीद और कट्टे से पार्किंग की वसूली नहीं हो सकेगी। सभी पार्किंग स्थलों पर पार्किंग शुल्क की रसीद केवल पीओएस मशीनों के माध्यम से ही जारी की जाएगी । यदि कोई व्यक्ति छपी रसीद से या कट्टे से पार्किंग करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।



इस सिलसिले में निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन ने होर्डिंग, पार्किंग शाखा के कामकाज की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को साफ निर्देश दिये हैं। उन्होंने अपर आयुक्त को निर्देश दिया कि वह जोनल अधिकारियों के साथ जाकर छपी हुई रसीद कट्टे जब्त करें। उनके आदेश के तुरंत बाद अपर आयुक्त हर्षित तिवारी जोन 13 के जोनल अधिकारी नीलेश श्रीवास्तव के साथ एमपी नगर, केके प्लाजा, 10 नंबर और बिट्ठल मार्केट में चल रही पार्किंग स्थल पहुंचे। जहां दल ने पार्किंग की वसूली कर रहे कर्मचारियों से छपी हुई रसीद लेकर जब्त की। निगम आयुक्त ने बताया कि जब तक पीओएस मशीन पार्किंग कर्मचारी के पास नहीं होगी वह तब तक पार्किंग की वसूली नहीं करेगा। निगम आयुक्त ने कहा कि जोनल अधिकारी अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में पीओएस मशीनें उपलब्ध कराएं और जहां पीओएस मशीन उपलब्ध नहीं होती उन स्थानों पर पार्किंग शुल्क की वसूली तत्काल रोक दें।

### सरोजिनी नायडू स्कूल का मामला

# आयोग ने डीपीआई को जांच के दिए निर्देश, रिपोर्ट भी तलब

**मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में लिया संज्ञान**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के विरोध प्रदर्शन का है।मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए लोक शिक्षण संचालनालय को जांच के निर्देश दिए हैं।इसके साथ ही मामले में आयोग ने रिपोर्ट भी तलब की है।आयोग के संज्ञान में आया है कि विद्यालय में देर से आने पर धूप में खडा कर देने जैसी सजा देने एवं स्कूल में छात्राओं से साफ-सफाई करवाने का मामला सामने आया है। छात्राओं का कहना है कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा हमसे स्कूल में साफ-सफाई करवाई जाती है। इस संबंध में छात्राओं ने अपने माता-पिता के साथ विद्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान दो-तीन छात्राओं की हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

**नलों से आ रहा गंदा पानी, 6 माह से खरीद कर पानी पी रहे रहवासी:** भोपाल जिले के नवाब कॉलोनी में दूषित पानी आने से रहवासियों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। कॉलोनी में रहने वाले सात हजार से ज्यादा लोगों को शुद्ध पेयजल के लिये परेशान होना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि पिछ्ले 06 माह से दूषित पानी सप्लाई हो रहा है, इस कारण पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। मामले में आयोग ने आयुक्त नगर निगम भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

# जन्म दिन पर हिरदारामजी की कुटिया में माथा टेका, आशीर्वाद लिया सबनानी ने

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी का जन्मदिन नवप्रयास सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति ने मनाया। जन्मदिन पर समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है, जिसमें सबनानी द्वारा भगवान श्री रामचंद्र जी की आरती कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वहीं, सबनानी ने संतनगर पहुंचकर कुटिया का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में शुभचिंतकों ने माला पहनकर पुष्पगुच्छ भेंट कर अपनी शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम में कृष्णा गौर मंत्री, नरेंद्र शिवाजी पटेल मंत्री, सांसद आलोक शर्मा, मालती राय महापौर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, कैलाश मिश्रा पूर्व नगर निगम अध्यक्ष, सुधीर अग्रवाल पूर्व निगम अध्यक्ष, विकास विरानी पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा नेता गिरीश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शंकर मकोरिया, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र यति, जिला महामंत्री राजू अनेजा, जिला मंत्री पार्षद आर के बघेल, पार्षद जगदीश यादव, पार्षद आरती अनेजा, पार्षद बृजला सचान, पार्षद गिरिजा, राजेश खटीक राजमणि उइके भाजपा मंडल अध्यक्ष पारस नरवरिया मंडल अध्यक्ष आदित्य अग्रवाल मंडल अध्यक्ष प्रियेश उपाध्याय मंडल अध्यक्ष डिंपल श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में दक्षिण-पश्चिम के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही कई सामाजिक संगठनों ने भी विधायक सबनानी का भव्य स्वागत किया। नवप्रयास समिति के अध्यक्ष तरुण चूड़ामणि ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# दूसरी बार सिंधी अकादमी की कमान मिलने पर कुटिया आकर वाधवानी ने माथा टेका

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी के दूसरी बार निदेशक बनने के बाद राजेश कुमार वाधवानी ने संत हिरदारामजी की कुटिया पर पहुँचकर माथा टेका और आशीर्वाद लिया। संतनगर में वाधवानी ने कहा दूसरी बार अकादमी की जिम्मेदारी मिली है, सरकार और समाज की अपेक्षा पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। सिंधी भाषा, साहित्य और संस्कृति के विकास के लिए काम करूंगा। अकादमी के काम को प्रदेश हर उस अंचल तक ले जाऊंगा,जहां सिंधीजन रहते हैं। कुटिया में वाधवानी का स्वागत रमेश हिंगोरानी, पुरुषोत्तम पारवानी ने शाल श्रीफल देकर किया। कुटिया में माथा टेकने के बाद वाधवानी ने प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी से मुलाकात की तथा सबनानी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मनीष दरयानी, दीपक सत्तानी, हरीश विधानी, नानक दादलानी, राजकुमार वाधवानी, प्रभुदास मूलचंदानी, जीतू आसवानी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे। निदेशक बनने पर भाजपा नेताओं व सिंन्धी समाज के कलाकारों ने बधाई दी है ।

**सबनानी के करीब हैं:** वाधवानी को दूसरी बार मिली मध्य प्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी के निदेशक पद की जिम्मेदारी मिली है। इससे पहले भी वह अकादमी की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। वाधवानी संघ और भाजपा से जुड़े है और विधायक भगवानदास सबनानी के करीबी है।



**मेट्रो एंकर**

### एमआईसी सदस्य हिंगोरानी, सेंट्रल पंचायत महासचिव जसवानी ने की मुलाकात

# रेल मंत्री के सहायक के समाने उठाईं संतनगर स्टेशन की समस्याएं

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के सहायक विक्रांत शर्मा ने शुक्रवार को संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान भोपाल नगर निगम के एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी एवं सिंधी सेन्ट्रल पंचायत महासचिव सुरेश जसवानी ने स्टेशन पर व्याप्त कमियों की तरफ ध्यान केन्द्रित किया। शर्मा ने रिपोर्ट रेल मंत्री को सौंपने एवं तत्काल कदम उठवाने का भरोसा दिलाया।

केन्द्रीय रेल मंत्री के सहायक को स्टेशन से लेकर फाटक तक निर्माणाधीन सीमेंट कांक्रीट सड़क के धीमे कार्य के कारण होने वाली परेशानी से अवगत कराया। बताया गया कि चूंकि फाटक रोड पर फ्लाइ ओवर बन रहा है ऐसे में पटरी पार विश्रामघाट इसी निर्माणाधीन सड़क से जाना होता पर काम धीमा चलने के कारण आधा किलो मीटर पहले ही शव वाहन खड़ा कर शव को कंधें पर लादना प?ता है।



रेल मंत्री के सहायक को बताया कि प्लेफटार्म दो जहां पश्चिम दिशा से आने वाली ट्रेनों का स्टापेज है, वहां न तो लिफ्ट है न ही एक्सेलेटर ऐसे में विकलांग एवं वृद्ध यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना प? रहा है। इसी तरह फुट ओवर ब्रिज पर स्लोप भी नहीं है और यात्रियों को सी?ियां च?कर प्लेटफार्म दो तक जाना होता है, जो काफी परेशानी का सबब बन रहा है। इसी तरह रेल मंत्री के सहायक का ध्यान निर्मित प्लेटफार्म 3 व 4 की तरफ केन्द्रित करते हुए चारों प्लेटफार्म के मध्य नया फुट ओवर ब्रिज जल्द से जल्द पूरा करने का भी आग्रह किया। रेल मंत्री के पीए ने समस्याएं सुनी और रिपोर्ट रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सौंपने की बात कही। विक्रांत शर्मा इंदौर जाते समय अल्प समय के लिए यहां रूके थे। उन्होंने बताया कि रास्ते में जहां-जहां भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 6 अगस्त 2023 को स्टेशनों के पुर्नविकास के लिए भूमि पूजन किया था, रेल मंत्री ने वहां काम किस स्तर तक पहुंचा है, का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

# भागवत कथा के आमंत्रण का विमोचन, कथा 19 सितंबर से

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में पितृपक्ष में होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के आमंत्रण पत्र का विमोचन हुआ। गुफा मंदिर के महामंडलेश्वर श्री राम प्रवेश दास महाराज ने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

कथा व्यास पुराणाचार्य वेदाचार्य अनिल रुद्रा तिवारी तिवारी अष्टादश पुराण प्रवक्ता के 19 से 25 सितंबर तक कथा का वाचन करेंगे। हर दिन दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। पितृपक्ष में पितरों के उत्तम बेकुंठ एवं गौलोक पितृ शांति, नारायणबली त्रिपिण्डी श्राद्ध के साथ-साथ पार्वण श्राद्ध का अनुष्ठान साप्ताहिक पर्यन्त किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान विष्णु विश्वकर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य हैं।

# सीएस रेस के दावेदार के लिए कर्मचारी चयन मंडल में जगह बनाने की कोशिश!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राज्य के मुख्य सचिव के लिए दूसरे सबसे वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान को सरकार ने कर्मचारी चयन मंडल का के अध्यक्ष का जिम्मा दे दिया है। अभी यह अतिरिक्त प्रभार है जिसे बाद में स्थाई किए जाने की संभावना व्यक्त की जाने लगी है। हाल ही में सुलेमान को एसीएस स्वास्थ्य से हटाकर कृषि उत्पादन आयुक्त बनाया गया था। इसी बीच कर्मचारी चयन मंडल के अध्यक्ष संजय बंदोपाध्याय 31 अगस्त को रिटायर हो गए। तब से पद खाली था। वरिष्ठता के आधार पर सुलेमान को इसकी जिम्मेदारी दी गई है।

## सीएस नियुक्ति वाले महीने में नए घटनाक्रम के कई निहितार्थ
## हाल ही में सरकार ने बनाया था कृषि उत्पादन आयुक्त




**इधर,** मुख्य सचिव वीरा राणा का कार्यकाल 30 सितंबर को खत्म हो रहा है, इसके पहले दूसरे सबसे वरिष्ठ आइएएस सुलेमान को कर्मचारी चयन मंडल की जिम्मेदारी कई संकेत वाली हो सकती हैं। जबकि सुलेमान से वरिष्ठ व केंद्र में सेवाएं दे रहे केंद्रीय भूतल परिवहन सचिव अनुराग जैन की अब तक वापसी नहीं हुई। यदि राणा को एक्सटेंशन नहीं मिलता है और केंद्र से अनुराग जैन की भी वापसी नहीं होती है, तब की स्थिति में वरिष्ठता सूची के आधार पर मो. सुलेमान की बारी बनती है।

अब वरिष्ठता सूची के आधार पर 1989 बैच के आशीष उपाध्याय, विनोद कुमार, जेएन कंसोटिया की बारी बनती है लेकिन उपाध्याय इसी महीने सेवानिवृत्त हो रहे हैं। विनोद कुमार को पहले ही जनजातीय अनुसंधान एवं विकास का निदेशक और जेएन



कंसोटिया को आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी का डीजी बनाकर मंत्रालय से बाहर किया जा चुका है। अब वरिष्ठता क्रम में 1990 बैच के डॉ. राजेश राजौरा और एसएन मिश्रा हैं। सूत्रों के मुताबिक राजौर के सेवानिवृत्त होने में काफी समय हैं और एसएन मिश्रा जनवरी 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# कांग्रेस का 20 को जिलों में ट्रैक्टर मार्च

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

महंगाई, बेरोजगारी, महिला हिंसा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेर रही कांग्रेस पार्टी अब किसानों के मुद्दों को लेकर किसान संगठनों के साथ सड़क पर उतरने की तैयारी में है। इसी सिलसिले में 20 सितंबर को कांग्रेस प्रदेश भर में किसान न्याय यात्रा निकालेगी। वहीं जातीय गणना का भी समर्थन करते हुए कांग्रेस ने कहा है कि यदि सरकार यह काम नहीं करेगी तो खुद कांग्रेस अपने स्तर पर यह काम करेगी।



प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदर्शन के तहत सभी जिला मुख्यालयों पर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता किसानों के साथ ट्रैक्टर लेकर पहुंचेंगे। कांग्रेस किसानों के लिए सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6000 रुपये, गेहूं 2,700 रुपये और धान 3,100 रुपये प्रति क्विंटल में खरीदने की मांग कर रही है। किसानों की आय दोगुना करने का भाजपा सरकार का वादा झूठा है और यह प्रदेश के किसानों ने देख लिया है।

पटवारी ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने प्राइज सपोर्ट स्कीम के माध्यम से कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदने की घोषणा कर दी, लेकिन मध्य प्रदेश को इस योजना से बाहर रखा जाना बताता है कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। इसके पहले सरकार गेहूं का समर्थन मूल्य 2,700 रुपये और धान का 3,100 रुपये देने के वादे से भी मुकर चुकी है। इसे देखते हुए कांग्रेस ने तय किया है कि वह न्याय यात्रा निकालकर किसानों की आवाज बुलंद करेगी।

### जन्मदिन पर 'गदा' दी



भोपाल, दोपहर मेट्रो। भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी की जन्मदिन पर सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने गदा भेंटकी। मानस भवन में जन्मदिन समारोह मनाया गया। - *फोटो निर्मल व्यास*

## मांगे पूरी नहीं होने से नाराज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने छात्र मांग पत्र को लेकर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में कुलगुरू कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने को लेकर कार्यकर्ताओं और पुलिस में नोक-झोंक भी हुई और फिर विवि के अधिकारियों ने ज्ञापन लिया। एनएसयूआई की चार प्रमुख मांगों में पेपर लीक पर कड़ा कानून बनाकर इसमें 7 वर्ष के कारावास व संगठित अपराध की स्थिति में 20 वर्ष के कारावास के साथ साथ 1 करोड़ का जुर्माने का प्रावधान करने, छात्रवृत्ति को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में शामिल करने, प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्र संघ चुनाव करानें और सरकारी कॉलेजों में प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों के लिए आवश्यकता अनुसार सीट बढ़ाए जाने की मांग शामिल हैं। बता दें कि एनएसयूआई द्वारा प्रदेश भर में 'कैंपस चलो अभियान' चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत छात्र मांग पत्र को लेकर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष के निर्देश पर प्रदेश भर में चरणबद्ध तरीके से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने दिलाई शेजवार को पार्टी की सदस्यता



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर शेजवार के निवास पहुंचकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। उन्होंने मीडिया से कहा कि प्रदेश में सगंठन पर्व के तहत मैंने पहले सदस्य के तौर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सदस्यता दिलाई और आज मैं पार्टी के वरिष्ठ नेता शेजवार को सदस्य बनाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। शेजवार जनसंघ और जब 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई तब से पार्टी के सदस्य हैं और पार्टी का विस्तार करने में सहयोग और मार्गदर्शन करते रहे हैं। शर्मा ने कहा कि अब तक 51 लाख से ज्यादा सदस्य बन चुके,तथा नियत अवधि में डेढ़ करोड़ से ज्यादा बनेंगे।

### छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से निदेशक प्रो. सी.सी त्रिपाठी ने की मुलाकात

## एनआईटीटीटीआर छत्तीसगढ़ में ड्रोन व सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में करेगा कार्य

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) के निदेशक प्रो. सी.सी त्रिपाठी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। इस भेंट में निटर भोपाल के विस्तार केंद्र रायपुर, में इमर्जिंग एवं फ्यूचर टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में अनुसंधान, नवाचार और कौशल पार्क की स्थापना पर विस्तृत चर्चा की गई। निटर भोपाल ने विस्तार केंद्र रायपुर में ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अल्पकालिक पाठ्यक्रम, प्रमाण पत्र, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव दिया जो कि क्रेडिट बेस्ड रहेंगे। जिसकी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रूचि लेते हुए निटर की प्रशंसा की। विस्ता केंद्र उद्योग की मांगों और नियामक मानकों को पूरा करते हुए कुशल ड्रोन पायलटों और तकनीशियनों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। यह प्रस्ताव भारत सरकार की ड्रोन तकनीक को ब?ावा देने और 2030 तक भारत को ड्रोन के लिए प्रमुख वैश्विक केंद्र बनाने की पहल के अनुरूप है। एनआईटीटीटीआर भोपाल ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), व भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान, (बीआईटी) रायपुर के साथ सेमी-कंडक्टर तथा ड्रोन तकनीक में अनुसंधान, नवाचार और कौशल केंद्र के व्यावहारिक अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने हेतु समझौता ज्ञापन भी हस्ताक्षरित किये। इस अवसर पर बीआईटी, रायपुर के प्रिंसिपल डॉ. राम कृष्णा मिश्रा, एनआईटी, रायपुर के निदेशक डॉ.एन.वी रमण राव, एनआईटीटीटीआर भोपाल के निदेशक प्रो. सी.सी त्रिपाठी, प्रो. पराग दुबे . प्रो. सुब्रत रॉय उपस्थित थे।

## बीयू में दो दर्जन कोर्स में 10 प्रवेश भी नहीं, 6 कोर्सों में शून्य

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बीयू की प्रवेश प्रक्रिया जारी है, लेकिन इस बार प्रवेश की स्थिति कुछ बेहतर नजर नहीं आ रही है। हालात यह है कि यहां दो दर्जन कोर्स में 10 प्रवेश भी नहीं हो पाए हैं। वहीं आधा दर्जन कोर्स में प्रवेश की स्थिति शून्य है। सीयूईटी के रिजल्ट में विलंब होने से प्रवेश प्रक्रिया भी विलंब से शुरू हुई है। इसलिए बीयू, शासन से अनुमति लेकर प्रवेश प्रकिया फिर शुरू कर सकता है, ताकि रिक्त सीटों पर और विद्यार्थियों के प्रवेश बढ़ सकें। जानकारी के अनुसार, बीयू में यूजी-पीजी में सीयूईटी के अलावा क्वालिफाइंग एग्जाम के आधार पर भी प्रवेश दिए जा रहे हैं। सीयूईटी के रिजल्ट आने से पहले ही विवि ने 50 फीसदी सीटों पर क्वालीफाइंग एग्जाम के आधार पर एडमिशन देना शुरू कर दिया था। लेकिन, 11 यूजी कोर्स में 415 सीटों पर मात्र 293 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है। यूटीडी के आधे कोर्सेस में 10-10 एडमिशन भी नहीं हुए। 6 कोर्स ऐसे हैं, जिनमें 5 से कम प्रवेश हुए और चार में एक छात्र भी नहीं मिला। बीयू के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) में 46 प्रतिशत सीटें खाली हैं। बीटेक, एमबीए और बी. फार्मेसी को छोड़कर यूजी-पीजी और अन्य डिप्लोमा और सर्टिफिकेट के 58 कोर्स यहां संचालित हैं।

## समर्थन मूल्य धान, ज्वार और बाजरा बेचने किसान घर बैठे करा सकेंगे पंजीयन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

किसान समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा बचने के लिए 19 सितंबर से पंजीयन करा सकेंगे। यह पंजीयन कई माध्यमों से होगा। जिसमें से एक माध्यम मोबाइल भी है। सरकार ने किसानों की सुविधाओं को देखते हुए मोबाइल से घर बैठे पंजीयन करने की सुविधा दी है। यह प्रक्रिया 4 अक्टूबर तक चलेगी। किसान ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर व एमपी किसान एप के जरिए निशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। जबकि एमपी आनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क पर 50 रुपये लगेंगे, इससे अधिक राशि लेने पर किसान शिकायत कर सकते हैं। किसानों को पंजीयन की जानकारी एसएमएस के जरिए दी जाएगी। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में डौंडी पिटवाकर देने संबंधी व्यवस्था करने को कहा है। पंचायत के सूचना पटल का उपयोग करने के लिए भी कहा है।

### किसानों के खाते में 1 रुपए डालकर सरकार कराएगी सत्यापन



फसल बेचने के बाद मिलने वाली राशि वास्तविक किसानों को मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार 1 रुपये डालकर सत्यापन कराएगी। ये एक रुपये किसानों के भुगतान से नहीं काटे जाएंगे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर पंजीयन करा सकेंगे। किसानों द्वारा बेची गई उपज का भुगतान खातों में होगा, इसलिए आधार से लिंक खाते को ही पंजीयन प्रक्रिया में शामिल कराएं। मंत्री ने जिला कलेक्टरों से कहा है कि जिला और तहसील स्तर पर स्थापित आधार पंजीयन केन्द्रों को क्रियाशील रखें, ताकि किसान वहां जाकर आसानी से अपना मोबाइल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट करा सके। मंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि कई बार पंजीयन के समय खाता नंबर या अन्य जानकारी त्रुटिपूर्ण दर्ज हो जाती है। जिसके कारण किसान परेशान होते है। यह एक रुपये राज्य आपूर्ति निगम द्वारा ई-उपार्जन/जीआईटी के माध्यम से वहन करेगा।

**मेट्रो एंकर** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में गठित भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्ष समिति की बैठक

# पुस्तक लेखन में भारतीय ज्ञान परम्परा का तथ्यपूर्ण समावेश किया जाए: परमार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के परिप्रेक्ष्य में पुस्तक लेखन में सूक्ष्मता के साथ तथ्यपूर्ण क्रियान्वयन की आवश्यकता है। पुस्तक लेखन में लेखकों का दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है, इसके लिए लेखकों में भारतीय दृष्टि की आवश्यकता है। पुस्तक लेखन में भारतीय ज्ञान परम्परा का तथ्यपूर्ण समावेश किया जाए। पुस्तकालयों में भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी पुस्तकों की हिंदी भाषा एवं लेखन की मूल भाषा में भी उपलब्धता सुनिश्चित करें। यह निर्देश उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने दिए हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत गठित भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्ष समितिकी बैठक हुई। मंत्री परमार ने विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परमार ने भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध संदर्भों में विश्वविद्यालय स्तर एवं संभाग स्तर पर आयोजित कार्यशालाओं की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। भारतीय ज्ञान परम्परा पर केंद्रित महत्वपूर्ण पठनीय पुस्तकों की सूची का अवलोकन कर भारतीय ज्ञान परम्परा से जड़े तथ्यपूर्ण साहित्य की उपलब्धता के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंत्री परमार ने विश्वविद्यालयों के साथ साथ महाविद्यालयों के पुस्तकालयों को भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़े साहित्य से समृद्ध करने को कहा। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए महाविद्यालय स्तर पर भारतीय ज्ञान परम्परा समावेशी गतिविधियां आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

### भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी गतिविधियों का हो आयोजन: डॉ. अतुल कोठारी

भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्ष समिति के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के क्रियान्वयन में, भारतीय ज्ञान परम्परा के समावेश के लिए, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित नियमित व्याख्यान किए जाने की आवश्यकता है। महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किए जाएं। डॉ कोठारी ने कहा कि चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व के समग्र विकास को लेकर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं उच्च शिक्षा विभाग के मध्य हुए अनुबंध के अनुपालन में क्रियान्वयन करें।




## संपादकीय

# युवा और भर्ती के पैमाने

नौकरी पाने के लिये युवा किस तरह परेशान हैं और हर हाल में हर परीक्षा या टेस्ट के लिये फिट होने के प्रयास मे रहते हैं। इसीलिये हाल में झारखंड में एक्साइज कॉन्स्टेबलों की भर्ती के लिए फिटनेस टेस्ट के दौरान हुई 12 युवकों की मौत न सिर्फ दुखद बल्कि चिंताजनक भी है। हालांकि वहां की भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है, लेकिन यह काफी नहीं। इस गंभीर घटना के पीछे काम कर रहे सभी संभावित वजहों की गहराई से पड़ताल करने की जरूरत है। फिटनेस टेस्ट के दौरान हुई इन मौतों ने पूरे देश को हैरान कर रखा है। हालांकि इस तरह की भर्तियों में फिटनेस टेस्ट के दौरान प्रतिभागियों के बेहोश होने या इक्का-दुक्का मामलों में मौत की भी खबरें पहले भी आती रही हैं। पुलिस विभाग में भर्ती के लिये भी युवा जीतोड मेहनत करते हैं और शारीरिक परीक्षा भी उतनी ही सख्त होती है। जहां तक झारखंड में आबकारी भर्ती के दौरान मौतों का मामला है तो इतने बड़े पैमाने पर पहली बार ऐसी घटना हुई है कि बारह युवकों ने दम तोड दिया। इस मामले में मृतकों की संख्या तो ज्यादा है ही, अलग-अलग केंद्रों पर करीब 400 प्रतिभागी भी बेहोश हो गए। ये सभी 25 साल के आसपास के युवा हैं। किसी भी रूप में इसे सामान्य घटना के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिये। इसकी संभावित वजहों को लेकर विशेषज्ञों की कोई एक राय सामने नहीं आ रही। लेकिन धूप, मौसम, तनाव, पहले से किसी तरह की बीमारी आदि जितने भी संभावित कारण बताए जा रहे हैं, उनमें भी कोई नई बात नहीं है। ऐसी तमाम भर्तियों में कमोबेश उन सभी वजहों की भूमिका होती ही है। लेकिन हर बार इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की तबीयत नहीं बिगड़ती, क्या यह सभी पहले से बीमार थे? जाहिर है, इस नजरिये से पूरे मामले की जांच करनी चाहिए। कोविड महामारी के रूप में एक नई वजह इस बार जरूर मौजूद है, जिस पर चर्चा भी हो रही है। इस बीच हमारे आसपास पूरी तरह स्वस्थ दिखने वाले यंग लोगों की अचानक मौत की घटनाएं भी इस संदेह को बढ़ाती हैं कि कोविड ने हममें से ज्यादातर के शरीर को अंदर से कुछ इस तरह कमजोर कर दिया है कि हम उससे पहले जैसी ऊर्जा की उम्मीद नहीं कर सकते। मगर इस तरह के निष्कर्ष संदेहों और अनुमानों के आधार पर नहीं निकाले जा सकते। झारखंड सरकार ने इस मामले में समीक्षा और पुनर्विचार की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है। फिजिकल टेस्ट के मानकों में बदलाव पर भी विचार किया जा रहा है। ध्यान रहे, आसपास के राज्यों में भी पुलिस, अर्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट के मानक अलग-अलग हैं। लेकिन मौजूदा हालात में जरूरत इस बात की है कि इसे किसी राज्य विशेष से न जोडे और किसी भी तरह के सियासी एंगल से अलग रखकर इस मसले को राष्ट्रीय संदर्भ में देखा जाए। अगर कोविड से इसका कोई संबंध हुआ तो जाहिर है उसके निहितार्थ भी पूरे देश में होंगे और यदि भर्ती मानकों में कठिनतम प्रावधान हैं तो उनमें भी बदलाव की जमीन तैयार की जा सकेगी। लिहाजा सबसे जरूरी है कि अन्य किसी राज्य में इस तरह की घटना की आशंका न बचने के उपाय सबसे पहले करने की कवायद शुरू हो। राष्ट्रीय स्तर पर इसके लिये ठोस पहलकदमी की जरूरत है,क्योंकि यह युवा वर्ग के साथ ही उनके परिवारों से जुडता है, जिस परिवार के बुजुर्ग सदस्यों की पूरी उम्मीदें अपने बच्चों पर टिकी होती हैं।

परिश्रम और प्रतिभा आप–ही–आप
आदमी को अकेला बना देती है।
– राजकमल चौधरी

## आज का इतिहास

- 1320- गाजी मलिक दिल्ली का सुल्तान बना।
- 1553- ब्रिटेन के लिचफिल्ड शहर की स्थापना हुई।
- 1563- मैक्सीमिलियन को हंगरी का राजा चुना गया।
- 1664- नीदरलैंड की सेनाओं ने अंग्रेजों को न्यू एमस्टर्डम (मौजूदा न्यूयॉर्क) सौंपा।
- 1689- चीन और रूस ने नेरट्सजिंस्क संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1831- विलियम चतुर्थ ब्रिटेन की गद्दी पर बैठे।
- 1900- टेक्सास के गैलवेस्टोन में चक्रवाती और ज्वारीय तूफान से 6000 लोगों की मौत हुई।
- 1926- संगीतकार और फिल्म निर्माता भूपेन हजारिका का जन्म। 1933- मशहूर पार्श्वगायिका आशा भोंसले का जन्म।
- 1942- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बम्बई (अब मुंबई) में 'भारत छोड़ो प्रस्ताव' पारित किया।
- 1946- बुल्गारिया ने राजशाही का अंत किया।
- 1951- जापान ने 48 देशों के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 1952- जेनेवा में कॉपीराइट के लिये पहले विश्व सम्मेलन में भारत समेत 35 देशों ने हस्ताक्षर किये।
- 1960- देश के जाने माने राजनीतिज्ञ और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी का निधन।
- 1962- चीन ने भारत की पूर्वी सीमा में घुसपैठ की।
- 1982- जम्मू-कश्मीर के क्रांतिकारी नेता शेख़ मोहम्मद अब्दुल्ला का निधन।
- 1966- संयुक्त राष्ट्र के शिक्षा और सांस्कृतिक विभाग यूनेस्को ने पहली बार विश्व साक्षरता दिवस मनाया।
- 1991- मैसिडोनिया गणराज्य स्वतंत्र हुआ।
- 2001- बंगलादेश के बल्लेबाज मोहम्मद अशरफुल ने श्रीलंका के खिलाफ शतक बनाया।
- 2006- महाराष्ट्र का मालेगांव में सीरियल ब्लास्ट 37 लोगों की मौत हुई,100 से ज्यादा लोगों घायल हुए।

## निशाना

### है मिला आघात!



- कृष्णेन्द्र राय

कर दिया किनारे।
उठी ऐसी बात ।।
चले गए सदमे में।
है मिला आघात ।।
आई अपनी बारी जब।
लिया पल्ला झाड़ ।।
रहे भरते दंभ।
हिलाना है पहाड़ ।।
पड़ गए अकेले।
कस रहे सब तंज ।।
है होना स्वाभाविक।
अंदर अंदर रंज ।।
है हुआ अन्याय।
दिए पत्ता काट ।।
आगे से अब अपनी।
हो गई है ठाट ।।

# कोई नहीं जानता कि मोदी क्या सोच रहे हैं

■ वीर सांघवी

पिछले कुछ हफ्तों में उनकी सरकार को प्रेस द्वारा मिली खराब कवरेज के बावजूद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कम आंकना हमेशा एक गलती है. वे अभी भी भारत में सबसे लोकप्रिय राजनेता हैं और सबसे चतुर लोगों में से एक हैं. वे आमतौर पर अपने विरोधियों से कम से कम तीन कदम आगे रहते हैं (ठीक है, शायद पिछले कुछ महीनों में नहीं) और उनके हर फैसले से राजनेता और टिप्पणीकार हैरान रह जाते हैं क्योंकि कोई भी भविष्यवाणी नहीं कर सकता कि उनका अगला कदम क्या होगा।एक बात पर गौर करना थोड़ा आसान है, खासकर पिछले आम चुनाव के बाद, वो यह कि प्रधानमंत्री के समर्थक उनके प्रदर्शन पर कैसी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और सरकार की अन्य शाखाओं – उदाहरण के लिए न्यायपालिका के साथ उनके रिश्ते हम सभी के लिए खुले तौर पर देखने लायक हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि नरेंद्र मोदी के सभी समर्थकों में से मध्यम वर्ग सबसे ज़्यादा निराश है. यह सच है कि मध्यम वर्ग के काफी लोगों ने भाजपा को उसके हिंदुत्व के एजेंडे के कारण वोट दिया, लेकिन यह कहना गलत है कि हर मोदी समर्थक गुप्त (या यहां तक कि खुले तौर पर) सांप्रदायिक है. शिक्षित मध्यम वर्ग के कई लोगों ने भाजपा का समर्थन किया क्योंकि उन्हें यकीन था कि यह विकास को बढ़ावा देगा और उन लोगों को पुरस्कृत करेगा जिन्होंने भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाने की कोशिश की है, जिसके बारे में मोदी अक्सर बात करते हैं।नरेंद्र मोदी से मध्यम वर्ग का मोहभंग पिछले आम चुनाव अभियान के दौरान शुरू हुआ. कभी-कभी मोदी ने कुछ ऐसा कहा जो उन्हें पसंद आया, लेकिन सभी बड़े भाषण, जो कैंपेन की दिशा निर्धारित करते थे और जिन्हें सरकार के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा सबसे अधिक कवर किया गया था, वे हमलावर भाषण थे।प्रधानमंत्री के कैंपेन का मुख्य विषय नकारात्मक था. भाजपा ने बार-बार कहा कि कांग्रेस अब महत्वहीन पार्टी बन गई है, लेकिन लगता है कि यह संदेश प्रधानमंत्री तक नहीं पहुंचा. उनके कई भाषण कांग्रेस पर सीधे हमले थे, जिसमें उनके घोषणापत्र के वादों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। इन हमलों में सांप्रदायिकता का भी समावेश था. कांग्रेस न केवल हिंदू महिलाओं के गले से मंगलसूत्र छीनने जा रही थी और गरीब किसानों की भैंसें जब्त करने जा रही थी, बल्कि ये सब मुसलमानों को देने जा रही थी.अतीत में ऐसे समय भी आए थे जब इस संदेश का असर हो सकता था, लेकिन यह चुनाव उनमें से एक नहीं था. शिक्षित मध्यम वर्ग, जो अच्छे दिनों की उम्मीद कर रहा था, भैंस छीनने की चर्चा और सांप्रदायिकता के खुलेआम फैलाए गए प्रोपेगेंडा से निराश हो गया।आप शायद यह तर्क दे सकते हैं कि चुनाव जीतने के लिए राजनेताओं को भावनात्मक बातें कहने की ज़रूरत होती है, लेकिन जब वे सत्ता में आते हैं, तो वे ऐसी नीतियों को लागू करते हैं जो उनके मूल वोटर को खुश करती हैं। ठीक है, हो सकता है, लेकिन उस मामले में, मोदी भाजपा-समर्थक मध्यम वर्ग को अपना मूल वोटर नहीं मानते।

बजट, जो इस वर्ग को आश्वस्त करने और प्रोत्साहित करने का एक अवसर होना चाहिए था, ने उन्हें लगभग कुछ भी नहीं दिया. इसके बजाय, कर प्रस्तावों ने मध्यम वर्ग की चिंताओं को नज़रअंदाज़ कर दिया और जब दंडात्मक कर प्रस्ताव को वापस लेने की बात आई, तो जनता के विरोध के बाद, यह इतना आधा-अधूरा और इतना खराब था कि इसने मध्यम वर्ग को खुश करने के लिए कुछ भी नहीं किया.तब से, सरकार ने ऐसा व्यवहार करना जारी रखा है जैसे कि मध्यम वर्ग इसके लिए कोई महत्त्व नहीं रखता; केवल उसके अमीर दोस्त ही मायने रखते हैं. पूरे सोशल मीडिया पर, इस खुलासे को लेकर व्यापक गुस्सा है कि करदाताओं का एक छोटा सा हिस्सा (हमारी आबादी का लगभग 2 प्रतिशत) पूरे कॉर्पोरेट क्षेत्र की तुलना में अधिक आयकर का भुगतान करता है। मध्यम वर्ग की मदद करके भाजपा के लिए कांग्रेस के इस आरोप का मुकाबला करना काफी आसान होता कि सरकार कुलीन वर्गों की जेब में है, लेकिन किसी कारण से, इसने जानबूझकर इस धारणा को बढ़ावा देने का विकल्प चुना है कि यह एक ऐसी सरकार है जो ईमानदार करदाताओं के लिए 'कर आतंकवाद' (एक ऐसा शब्द जिसका इस्तेमाल कुछ भाजपा समर्थक भी करते हैं) को बना के रखती है जबकि अपने अमीर साथियों को हजारों करोड़ रुपये कमाने देती है।



जब आप मध्यम वर्ग को नकारात्मकता और सांप्रदायिक घृणा के अलावा कुछ नहीं देते हैं, तो उसके बाद जो मोहभंग होता है, वह आपके बाकी कामकाज को और भी आलोचनात्मक दृष्टि से देखने के लिए प्रेरित करता है. लोग पूछते हैं, रेलगाड़ियां पटरी से क्यों उतरती रहती हैं? नई सड़कें और पुल क्यों टूट रहे हैं? महंगी नई मूर्तियां क्यों गिर रही हैं? हमारे पड़ोस में हमारे इतने कम दोस्त क्यों हैं?वे यह भी देखते हैं कि आप राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कैसे करते हैं. यह कोई नई घटना नहीं है- सरकार ने कई वर्षों से विरोधियों को धमकाने और गिरफ्तार करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) जैसे कानूनों का इस्तेमाल किया है, लेकिन अब, लोग पहले से कहीं अधिक ध्यान दे रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट इसका अपवाद नहीं है. पिछले कुछ दिनों में अदालत में उन लोगों को ज़मानत देने से इनकार करने के बारे में टिप्पणियां, जिनके खिलाफ प्राथमिक सबूत पूर्व अभियुक्तों – जिन्हें अब उनकी गवाही के बदले में माफ कर दिया गया है – के बयान हैं, विपक्ष के उत्पीड़न के भाजपा के मूल पर चोट करती है. जिन न्यायाधीशों ने बिना किसी आलोचना के सरकारी लाइन को स्वीकार कर लिया है, उन्हें अब अधिक जांच का सामना करना पड़ रहा है.

एक बार जब सरकार लोगों को बिना किसी मुकदमे की परवाह किए लंबे समय तक जेल में रखने की शक्ति खो देती है, तो यह विपक्ष को मनमाने ढंग से गिरफ्तार किए जाने और जेल जाने की धमकियों के डर से मुक्त कर देती है।शुरुआती दिनों में जब सब कुछ ठीक चल रहा था, मध्यम वर्ग इस आधार पर राजनेताओं को गिरफ्तार होने देने से संतुष्ट था क्योंकि उसका मानना था कि सभी राजनेता वैसे भी खराब हैं। लेकिन अब, यह स्पष्ट सवाल पूछ रहा है. क्या भाजपा में कोई खराब नहीं है? यह कैसा शासन है, जब आपने जिन लोगों को कभी बेईमान बताया था, उनके पाप धुल गए हैं और भाजपा में शामिल होते ही सभी मामले वापस ले लिए गए हैं? असंतोष बढ़ने के साथ ही, महत्वपूर्ण सवाल बना हुआ है- प्रधानमंत्री क्या सोच रहे हैं? वे एक चतुर और अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं, इसलिए उनके पास दीर्घकालिक रणनीति होनी चाहिए, लेकिन कोई भी यह नहीं समझ पा रहा है कि वो क्या है। फिलहाल, एक मात्र रणनीति यही दिखाई दे रही है कि हमला करो, हमला करो और हमला करो. भाजपा आईटी सेल अब प्रधानमंत्री के विचारों को प्रतिबिंबित नहीं कर पा रहा, लेकिन इसके पोस्ट का लहजा एक समान रूप से आरोप लगाने वाला और नकारात्मक है. पार्टी के कीबोर्ड योद्धा अभी भी अर्ध-शिक्षित और गाली-गलौज करने वाले बने हुए हैं. जब विरोध प्रदर्शन होते हैं (उदाहरण के लिए कोलकाता में चौंकाने वाले आरजी-कर बलात्कार के खिलाफ), तो रणनीति पुलिस को उकसाने के लिए हिंसा का इस्तेमाल करना है।

क्या यह सब वाकई ज़रूरी है? क्या यह मदद करता भी है? क्यों न इस देश के ईमानदार वेतनभोगी लोगों की बात सुनी जाए, जिनमें से कई ने मोदी को इसलिए वोट दिया क्योंकि उन्हें लगा कि मोदी उन पर और उनके मूल्यों पर विश्वास करते हैं? उनकी चिंताओं को गंभीरता से क्यों नहीं लिया जाता? उन्हें असहनीय कर बोझ से कुछ राहत क्यों नहीं दी जाती? अगर आप कुलीन वर्ग के प्रति इतने उदार हो सकते हैं, तो कम से कम मध्यम वर्ग को कुछ टुकड़ों का हकदार होना चाहिए। जैसा कि मैंने कहा, कोई नहीं जानता कि नरेंद्र मोदी क्या सोच रहे हैं. संभवतः, यह सब उनके दिमाग में आया होगा. उन्हें भी यह अहसास हो गया होगा कि हालात बदल रहे हैं।सवाल यह है कि वे इसके लिए क्या करने की योजना बना रहे हैं?

-साभारः यह लेखक के अपने विचार हैं।

# यह असंवेदनशीलता नई नहीं... पुलिस के दमन से हताशा, जागृति के साथ सड़कों पर आक्रोशित जनता

■ बिमल राय

पश्चिम बंगाल में 27 अगस्त के नवान्न अभियान को लेकर एक बांग्ला गीत वायरल हुआ है, जो राज्य के मौजूदा हालात को बखूबी बयां करता है। 'ए केमन राज्य बलो, के खराब आर के भालो। ए केमन होच्छे खेला, चारो दिगे कष्टेर मेला। भालो मानुष अंधकारे, अमानुषरा आलोर डारे' यानी यह कैसा राज्य है, कौन अच्छा है और कौन खराब-भेद करना मुश्किल है। यह किस तरह का 'खेला' है? हर तरफ दुख-दर्द का मेला है। अच्छे लोग अंधकार में रह रहे हैं और अमानुष प्रकाश का आनंद उठा रहे हैं। बंगाल के इस कानफोड़ू कोलाहल और बीच-बीच में उठ रहे आर्तनाद के पीछे 'अब बस, बहुत हुआ' जैसा क्षोभ है। पुलिस को दमन की मशीनरी बनाने और भ्रष्टाचार व गुंडागर्दी को प्रतिष्ठानिक रूप देने के चलते आम जनता हताश है। आरजी कर अस्पताल की डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्याकांड ने आक्रोश को ज्वालामुखी बना दिया है। छात्र समाज के नवान्न चलो अभियान को सत्ताधारियों ने भले ही 19 जगहों पर किलानुमा दीवारें खड़ी कर विफल कर दिया हो, पर 28 अगस्त को बुलाए गए बंगाल बंद को विफल करने के लिए उतरी पुलिस को कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। 'आत्महत्या' (जैसा कि फोन कर अस्पताल ने बताया) करने वाली अपनी इकलौती बेटी का शव देखने के लिए मां-बाप को अगर तीन घंटे का इंतजार कराया गया, तो शक क्यों नहीं पैदा होगा?

सवाल है कि जिस नवान्न अभियान को रोकने के लिए अगर 19 जगहों पर लोहे की दीवारें खड़ी की गई थीं, तो 14 अगस्त की रात पुलिस कहां थी? जब उपद्रवियों ने अस्पताल की करोड़ों की संपत्ति तोड़ दी? संदेशखाली कांड में शेख शाहजहां को पकड़ने में 50 दिन लगाने वाली पुलिस की मौजूदा सक्रियता सवालों के घेरे में है? सवाल है कि आरजी कर मामले में मुख्यमंत्री ममता ने खुद के शासन के खिलाफ पदयात्रा का प्रहसन क्यों किया?

उन्होंने?इस मामले में प्रधानमंत्री को पत्र लिख मारा, जिसका जवाब आया कि पश्चिम बंगाल को दुष्कर्म और बाल यौन अपराध के मामलों की सुनवाई के लिए 123 फास्ट-ट्रैक अदालतें आवंटित की गई हैं, लेकिन उनमें से कई अदालतें आज भी काम नहीं कर रही हैं। 28 अगस्त को तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस के भाषण में ममता ने?न आंदोलनों को बंगाल की बदनामी से जोड़ दिया और दुष्कर्म के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की मांग पर पूरे राज्य में ब्लॉक स्तर पर धरना देने का कार्यक्रम घोषित किया।सीबीआई से सवाल पूछे और आरजी कर अस्पताल के हड़ताली डॉक्टरों को दबे स्वर में धमकाया।



विरोध में सड़क पर उतरे लोगों को 'बाहरी' बताया। विधानसभा में भी दुष्कर्मियों को 10 दिन के अंदर फांसी देने का कानून बनाने की बात कही, जो राज्य सरकारों के दायित्व में आता ही नहीं है। लोगों को झांसा देने वाले सरकार के इन नए-नए?कदमों पर एक शेर मौजूं है- मरीज-ए-इश्क पर रहमत खुदा की, मर्ज बढ़ता गया ज्यों-ज्यों दवा की। बंगाल में पिछले दिनों जो दृश्य दिखे, वे बहुत दिनों से सुलग रहे क्षोभ के ज्वालामुखी बनने की कहानी है। 2011 में वाममोर्चा को हराकर सत्ता हासिल करने वाली ममता बनर्जी ने कुछ ही महीनों बाद भवानीपुर थाना पहुंचकर अपने दो दंगाई कार्यकर्ताओं को जबरन छुड़ा लिया। 2012 में कोलकाता के पार्क स्ट्रीट में एक एंग्लो इंडियन महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म को 'सजाई गई घटना' बताकर, 12 अप्रैल 2022 को नादिया जिले के हांसखाली में एक किशोरी से दुष्कर्म व हत्या पर उसके गर्भवती होने या यह प्रेम प्रसंग का बयान देकर ममता ने अपनी असंवेदनशीलता ही जाहिर की है।

इसी वर्ष, कूचबिहार में भाजपा अल्पसंख्यक महिला मोर्चा की नेता को निर्वस्त्र कर पीटने को पुलिस ने पारिवारिक कलह बताया। उत्तर दिनाजपुर के चोपड़ा में एक कंगारू अदालत ने एक महिला को विवाहेत्तर संबंधों की सजा दी और जज के आसन पर बैठा था कुख्यात अपराधी ताजमुल उर्फ जेसीबी। कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि बंगाल शेख शाहजहां जैसे अत्याचारियों और पार्थ चटर्जी व ज्योतिप्रिय मल्लिक जैसे भ्रष्टाचारियों की करतूतों से पैदा हुए आक्रोश से सुलग रहा है। आज प्रेसिडेंसी जेल में पूर्व शिक्षामंत्री पार्थ चटर्जी का पड़ोसी आरजी कर अस्पताल कांड का आरोपी संजय रॉय ही है। ममता ने बंगाल में 'बाहरी लोगों' की लगाई आग से पड़ोस के कई राज्यों के चपेट में लेने की धमकी दी है, जिसे 'विनाश काले विपरीत बुद्धि' का लक्षण नहीं तो और क्या कहा जाए? साथ ही राज्य की कानून-व्यवस्था से नाराज लोग एक नई तरह की जागृति के साथ सड़कों पर उतर रहे हैं।

- साभार

# महिलाओं ने रखा हरताली तीज का व्रत, रात्रि जागरण कर की पूजन आरती और भजन



**सिवनी मालवा।** भादो की तृतीया तिथि में मनाए जाने वाला सुहागन महिलाएं और कुंवारी युवतिया इस व्रत को रखती है। युवतियां मनमाने वर के लिए इस व्रत को रखती है तो सुहागन महिलाएं पति की लंबी उम्र और सुख शांति के लिए इस व्रत को किया जाता है पुराणों के अनुसार भगवान शंकर को पाने के लिए दूसरे जन्म मे पार्वती जी ने इस व्रत को रखा था। महिलाओं द्वारा इस दिन बांस का फुलेरा बनाकर उसे फूल मालाओं से सजाने के बाद उसके नीचे बालू और मिट्टी के बनाए गए भगवान शंकर की रात भर पूजा अर्चना कर आरती और रात्रि जागरण के बाद सुबह विसर्जन किया जाता है। इस व्रत को निर्जला व्रत भी कहा जाता है।



## स्कूल के बच्चों को शिक्षा, शारीरिक, और सामाजिक ज्ञान के साथ कानून का ज्ञान भी जरूरी है : न्यायाधीश






**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

स्कूलों मे अध्ययन रत बच्चो को स्कूली शिक्षा के साथ शारीरिक, सामाजिक और विधि की शिक्षा का ज्ञान होना भी जरूरी है। उक्त बात न्यायाधीश श्रीमती साहंगी दुग्गल ने ग्राम गाजनपुर के एक्सीलेंस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल मे आयोजित विधिक साक्षरता शिविर मे कही। न्यायाधीश श्री मती दुग्गल ने कहा कि आज के समय मे साइवर क्राइम, लैंगिक क्राइम, गुड्टच, बेडटच के साथ साथ विधि का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। समाज मे ऐसे अपराध बढ़ रहे है। जिसके लिए विध्यार्थियों को विधि का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि 14 सितंबर को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। जिसमे आपसी समझौता के बाद प्रकरणो का निराकरण किया जाता है। जिसके लिए भी आप लोगो को इसकी जानकारी देकर उनके न्यायालय मे चल रहे प्रकरणो को समझौता कर प्रकरण समाप्त कराने के लिए प्रेरित करे। शिविर मे संस्था प्राचार्य नर्मदाप्रसाद यदुवंशी, सेवतलाल लोवंशी, श्रीमती नेहा यदुवंशी, ओमप्रकाश सनोडीया, सुशील बरखने, सरपंच, सचिव, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्कूली छात्राओं को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

आंगनबाड़ी केंद्र के आदिवासी छात्रावास एवं स्कूल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत माहवारी स्वास्थ्य स्वच्छता और एनीमिया संबंध गतिविधि का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित कक्षा 9वी से 12वीं तक की बालिकाओं को माहवारी के समय स्वास्थ्य की देखभाल एवं सेनेटरी नैपकिन के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। माहवारी के समय स्वच्छता क्यों आवश्यक है स्वच्छता ना रखने से हमारे स्वास्थ्य पर इसका क्या दुष्प्रभाव पड़ता है इसकी जानकारी देते हुए उससे बचाव के तरीके बताए गए सेनेटरी नैपकिन के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमें अपने खान-पान में किन चीजों का ध्यान रखना चाहिए आजकल बालिकाओं में बाहर के खाने की आदत बहुत ज्यादा है अतः उन्हें बताया गया कि घर का बना हुआ पौष्टिक खाना काम किया तेल का जरूरी है खाने में दूध फल इत्यादि को शामिल करें। कार्यक्रम में उपस्थित आसमा खान द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई एवं स्वास्थ्य विभाग से आए डॉक्टर मनीष द्वारा भी स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई प्रभारी परियोजना अधिकारी रेखा यदुवंशी द्वारा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### सांसद, विधायक, नपा अध्यक्ष और एसडीएम ने किया गुरु की महिमा का बखान

# नपा ने किया 135 शिक्षकों का सम्मान नीम के पौधे लगाने का लिया संकल्प

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

नगरपालिका परिषद इटारसी ने आठवे वर्ष में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन पं भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में किया। समारोह में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, एसडीएम टी प्रतीक राव ने गुरु महिला का बखान किया और 135 शिक्षकों का सम्मान किया। सम्मान पाने वाले शिक्षकों में सेवानिवृत्त शिक्षक, शासकीय स्कूलों के शिक्षक, प्राइवेट स्कूल, आईटीआई, कोचिंग संस्थान के शिक्षक रहे। नगरपालिका ने इस वर्ष प्रत्येक शिक्षण संस्था से एक-एक शिक्षक का सम्मान किया। सम्मान पत्र के साथ में नगरपालिका ने नीम के पौधे भी शिक्षकों को भेंट किए और पौधरोपण व जल संवर्धन का संकल्प सभी को दिलाया। शिक्षक सम्मान समारोह में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, सीएमओ रितु मेहरा, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, नगरपालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, एमजीएम कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, पार्षद जिमी कैथवास,राहुल प्रधान, अमित विश्वास, कुंदन गौर, शुभम गौर, पार्षद प्रतिनिधि राजुकमार बाबरिया, मनीष चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह राजपूत, शिक्षक कल्याण संगठन के संयोजक राजकुमार दुबे सहित, शिक्षक अश्वनी मालवीय व अन्य मौजूद थे।

**इन शिक्षकों का हुआ सम्मान –**

**सेवानिवृत्त–** सुषमा परमहंस, आशा अग्रवाल, बृज किशोर गौर, संतोष दीवान, लखन लाल महालहा, महेश कुमार भट्ट।



**कॉलेज–** शासकीय कन्या महाविद्यालय डॉ शिरीष परसाई, डॉ संजय आर्य, एमजीएम कॉलेज इटारसी संजीव कैथवास, डॉ संतोष कुमार अहिरवार, वर्धमान कॉलेज इटारसी दिनेश बनेटिया, मां नर्मदा महाविद्यालय भारत भूषण सोलंकी।

**शासकीय स्कूल–** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सीपीई 02 इटारसी शेख नियाज हॉकी कोच, अभिषेक संतोरे, शासकीय प्राथमिक कन्या शाला पुरानी इटारसी आरएस पटेल, विकास साहू, मनीष कुमार दुबे, विपिन कुमार पांडेय, ममता चौरे, संगीता पटेल, मारिया मसीह, राजेंद्र सिंह राजपूत, अंजना कुलश्रेष्ठा, आशा नागले, डॉ मयंक तोमर, शशि शर्मा, मंजुला सिंग, ममता शुक्ला, बृजकिशोर धुर्वे, गुलाब साहू, कुमुद राठौर, संध्या कनोजिया, स्मिता झकासदार, रेखा मगरदे, अर्चना सिंह, ब्यूला गौर, राजश्री रघुवंशी, सुशीला सोनी, राजेंद्र चौरे, राममणी गोस्वामी।

**आईटीआई–** वर्धमान आईटीआई दिनेश कुमार मालवीय, श्री कृष्णा. आईटीआई विवेक भार्गव, प्राचार्य, मेकलसुता आईटीआई अभिषेक मौर्य, सतपुडा आईटीआई मंजू तिवारी।

**प्राइवेट स्कूल–** मीरा सिंह, लेखा जाधव, प्रतिमा मालवीय, सुनीता यादव, श्रीकमल मैना, राखी मनवारे, अभिषेक दयाल, किरन साकल्ले, श्वेता वशिष्ठ, नेहा शर्मा, ज्योति कहार, रानी अग्रवाल, गीता बघेल, ममता सोनी, नीलेश दाहिया, अंकिता चौबे, नीलम पटेल, विनोद योगी, अर्चना यशवंत बरठीं, संगीत कुमार द्विवेदी, माधुरी सराठे, पूजा विश्वकर्मा, दुर्गेश बारसे, रईसा कुरैशी, शिवकुमारी चौरे, कविता पवार, अंकिता मालवीय, अब्दुल शकूर, मोहनी परसाई, सुधा चौरसिया, आरती जैसवाल, प्राचार्य, संजना बैस, आशा यादव, संगीता पाल, उर्मिला वर्मा, देवेंद्र कुमार चौरे, जया गौर, ज्योति शुक्ला, दीपक कुमार सोनी, हरीश कुमार मालवीय, रोशनी खान, अनामिका गौर, टी कश्यप, रश्मि बाबरिया, अर्पना दास, संगीता पाल, देवकुमारी जगत, अनुपमा मलोसे, रविशंकर यादव, मंजू साहू, मालती चौधरी, फलोरेन्स राज, जितेन्द्र कौर मदान, राजकुमारी रावत, सरस्वती भार्गव, कल्पना ठोमरे।

**कोचिंग संस्था–** अजित सिंह तोमर, नितिन भारद्वाज, सुनील पटेल, हितेश चौरे, प्रियंक गोयल, मिथलेश सिंह रघुवंशी, पवन नेमा, संजय मनवारे, राजेश कुमार चौधरी, अमित चौरे, रोहित सनस, संजय कुशवाह, रामप्रकाश गुप्ता, पवन मालवीय, राजेश महोविया, शुभम अग्रवाल, फूलचंद चौरे, अजय शुक्ला, शेख अययूब, मोहन दास करारे, वर्जिनिया सागर भैरुआ, राजीव पटेल, रोहित तोमर, गिरधारी चौरे, नरेंद्र सिंह राजपूत, सुचेता दास, अब्दुल हबीब, पुष्पा रिछारिया, पूजा पटेल, अभिषेक शर्मा, आशीष पटेल।

## बीआरसी ने किया सम्मान



**इटारसी।** जनपद शिक्षण केंद्र केसला के तत्वाधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉक्टर राजेश जायसवाल जिला परियोजना समन्वयक नर्मदा पुरम के मार्गदर्शन में गंगाराम कल में जनपद अध्यक्ष के अध्यक्षता में विजय कवडे जनपद सदस्य केसला रणजीत सिंह तरम मुख्य कार्यपालन अधिकारी केसला ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमती आशा मोर की उपस्थिति में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बी आर सी शर्मा के द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेट किए गए एवं बीएससी गणेश कुमार धुर्वे श्रीमती रचना सोनिया,रामेश्वर प्रसाद काजले,शालिनी दास, इम्तियाज़ खान,राजकुमार बघेल, करण सिंह निगम,जगत सिंह गौर, नरेश अहिरवार, प्रदीप सिंह, सेवक राम भुवने, मुकेश सेन, अमित कुमार तिवारी एवं अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर लगा

**इटारसी।** शहर का प्रतिष्ठित जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल अपनी एजुकेशन क्वालिटी के साथ साथ अपने स्कूल के स्टूडेंट्स में विभिन्न प्रकार से स्कील डेवलपमेंट पर भी पूरा पूरा ध्यान देता है द्य इसी क्रम में आज स्कूल में स्टूडेंट्स के लिए प्रथम न्यायाधीश सिविल कोर्ट इटारसी हर्ष भदौरिया के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया द्य जिसमें श्री भदौरिया ने विद्यार्थियों क़ो गुड टच और बेड टच क़ो सरल भाषा में समझाते हुए बच्चों पॉक्सो एक्ट क़ो समझाया ।

उन्होंने सोशल मिडिया के दुरूपयोग से भी बच्चों को अवगत करावया। कार्यक्रम के शुरुआत हमेशा की तरह दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से की गई द्य इसके पश्चात् स्कूल संचालक मो जाफर सिद्दीकी औऱ प्राचार्य विशाल शुक्ला द्वारा सम्माननीय अतिथियों का स्वागत किया औऱ जाफर सिद्दीकी द्वारा स्वागत उदबोधन औऱ विशाल शुक्ला द्वारा आधार प्रदर्शन किया गए।

## शिक्षक दिवस पर बड़ी शिक्षिका सरोज कश्यप का सम्मान

**सिवनी मालवा** । शिक्षक दिवस पर जीवा ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्ण जी के जन्म दिवस को प्रतिवर्ष की तरह शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया । जिसमें शिक्षकों का सम्मान किया गया स्कूल में पूर्व बड़ी मैडम श्रीमती सरोज कश्यप का विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने साल श्रीफल दे कर सम्मान किया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रेम शंकर वर्मा का स्वागत संस्था के प्रमुख डॉ. प्रवीण पाणिकर द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया, बच्चों की रोचक अनूठी प्रस्तुतियों ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया । संस्था प्रमुख डॉ. प्रवीण पाणिकर ने उपहार भेंट देखकर शिक्षकों का सम्मान किया इस कार्यक्रम में विधायक के साथ पधारे अतिथिगणों में अभिषेक शर्मा रघुवीर राजपूत, मालती गौर प्रवीण अवस्थी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## बिना स्टॉपेज सवारी उतार एवं बैठा रही 6 बसें जप्त हुई, कार्रवाई से बस संचालकों में मचा हड़कंप

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यो द्वारा तय निर्णय अनुसार तथा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार आरटीओ श्रीमति निशा चौहान एवं यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में जांच टीम द्वारा नर्मदापुरम शहर के विभिन्न मार्गो पर बिना स्टापेज रुककर सवारी उतार तथा बैठा रही बसों को जप्त किया गया। कुल 6 बसों को जप्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़ा करवाया गया। उक?त बसों पर चालानी तथा परमिट निरस्त की कार्यवाही की जाएगी। इस बड़ी कार्यवाही से सभी बस संचालकों में हड़कंप मच गया तथा सभी बसे निर्धारित स्थान से ही सवारी भरने लगी। सभी बसों को आरटीओ कार्यालय में जप्त कर खड़ा करवाया गया, जिन पर चालानी अथवा परमिट निरस्त की कार्यवाही की जा रही है। आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान ने बताया कि बस संचालकों को पहले ही शहर में निर्धारित बस स्टापेज की जानकारी दे दी गई है, फिर भी बस चालक जगह जगह रुककर सवारी भर रहे है, जिससे आवागमन बाधित होता है तथा आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह परमिट शर्तो के उल्लघंन के अंतर्गत आता है, इस कारण सड़क सुरक्षा समिति के द्वारा निर्णय लिया गया है की कोई भी बस बिना स्टापेज रुककर सवारी नही भर सकती, ऐसा करते पाए जाने पर सख्ती के साथ कार्यवाही लगातार की जाएगी।

# भविष्य निशक्त विद्यालय के बच्चों ने मिट्टी व गोबर से लगभग 3000 गणेश प्रतिमाएं बनाई




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

भविष्य निशक्त विशेष विद्यालय नर्मदापुरम के मानसिक दिव्यांग बच्चे मिट्टी एवं गोबर से भगवान गणेश जी की आकर्षक प्रतिमाऐं बना रहे हैं। यह बच्चे गत जून माह से मिट्टी की प्रतिमाऐं बना रहे हैं। साथ ही फ्लोरोसेंट के साथ हल्दी कुमकुम का उपयोग कर गणेशजी की प्रतिमा में रंग भर रहे हैं अब तक बच्चों ने मिट्टी से लगभग 3 हजार गणेशजी की मूर्तियां बनाई है। जिनमें से अधिकांश मूर्तियां बिक चुकी है। इन प्रतिमाओं को व्यक्ति स्वेच्छा से अपनी ओर से मनचाही राशि देकर विवेकानंद घाट पर 07 सितंबर तक प्रातः-09 बजे से रात्रि 08 बजे तक खरीद सकते हैं।

भविष्य निशक्त विशेष विद्यालय नर्मदापुरम में लगभग 38 दिव्यांग बच्चे अध्ययनरत है। इन सभी स्पेशली एबल्ड बच्चों को वोकेशनल ट्रेनिंग दी जाती है। 10 बच्चे मिट्टी एवं गोबर से गणेशजी की प्रतिमा बनाने में पारंगत हैं। कलेक्टर सोनिया मीना एवं उप संचालक सामाजिक न्याय एवं डिप्टी कलेक्टर डॉ बबिता राठौर ने बताया कि आम जन बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निरंतर उनकी बनाई मिट्टी की गणेश प्रतिमाऐं स्वेच्छा से राशि देकर खरीद रहे हैं। कलेक्टर सोनिया मीना एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं डिप्टी कलेक्टर डॉ बबिता राठौर ने सभी जिले वासियों से कहा कि वे अपने घरों में पीओपी से बनी गणेश प्रतिमाओं के स्थान पर मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओ की स्थापना करें। मिट्टी से बने गणेशजी की प्रतिमाओं का इको फ्रेंडली होने के कारण पानी में आसानी से विसर्जन किया जा सकता है और इससे पर्यावरण को कोई नुकसान भी नहीं पहुंचता है।

### संकुल प्राचार्य ने किया प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का निरीक्षण

# कक्षा पांचवी के बच्चों को नहीं आती है हिंदी पढ़ना !

**सिवनी मालवा।** सरकार की तरफ से हर महीने एक मोटी पगार लेने वाले शासकीय शिक्षक स्कूल में बच्चों को किस प्रकार से टैलेंटेड कर रहे हैं एक बड़ी जांच का विषय है। आज सरकारी स्कूलों की स्थिति बद से से बदतर है कहीं शिक्षक पहुंच रहे हैं तो कहीं नहीं पहुंच रहे हैं इसी के चलते सोया हुआ सोया हुआ शिक्षा विभाग सरकार के आदेश के बाद फिलहाल जागा हुआ है। स्कूली शिक्षा विभाग की जांच के बाद स्कूल में पढ़ाई की स्थिति गुणवत्ता की जा रही है जिसके चलते रोज नए-नए मामले सामने आ रहे हैं इसी के चलते बीते रोज लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदा पुरम के निर्देश अनुसार संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरनखेड़ा द्वारा संकुल की प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का सघन एवं आकस्मिक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला घूमडदेव में कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राएं हिंदी का शुद्ध वाचन नहीं कर पाए तथा अभ्यास पुस्तिका का कार्य भी अपूर्ण पाया गया प्राथमिक शाला केवलाझीर एवं प्राथमिक शाला नररी तथा माध्यमिक शाला नररी का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया दोनों शालाओं में मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार नहीं पाया गया सभी शालाओं में छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक स्तर कमजोर पाया गया माध्यमिक शाला नररी में पदस्थ अतिथि शिक्षक अंकित आचार्य बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए माध्यमिक शाला सोमलवाडा के प्रधान पाठक भी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए संकुल प्राचार्य द्वारा सभी प्रधान पाठकों को निर्देशित किया गया।



## गणेश स्थापना से वेदमंत्रो के साथ हुआ अभिषेक, आज से विराजेगें श्री गणेश

**सिरोंज।** आज गणेश चतुर्थी से गणेशमहोत्सव प्रारंभ होंगा जिसके एक दिन पूर्व शुक्रवार को गणेश की अथाई स्थित शहर के प्रचीनतम् गणेश मंदिर पर वेद मंत्रों से भगवान श्री गणेश जी का दूध, दही, घी, शहद, पंचामृत अभिषेक कराया गया भगवान को मोदक भोग लगाया गया एवं गणेश जन्मोत्सव की शुरूआत की गई, वही आज से शहर के विभिन्न स्थानो पर गणेशमहोत्सव के तहत झांकिया लगाकर सभी भक्तो के द्वारा गणेश महोत्सव धूम धाम से मनाया जाता है। गणेश अथाई पर गणेश जन्मोत्सव पर यह होंगे आयोजन -गणेश जन्मोत्सव 7 सितंबर से प्रारंभ होगा 17 सितंबर तक रहेगा जिसमें निम्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



07 सिंतबर शनिवार - श्री गणेश जन्माभिषेक , आरती (दोपहर 01:00 बजें ), दुर्वा सहस्त्रार्चन ( सांय 05:00 बजें ), भजन कीर्तन ( रात्रि 09:00 बजें)
08 सितबंर रविवार - कींगड़ी गायन ( केवट समाज के द्वारा रात्रि 09:00 बजें )
09 सिंतबर सोमवार - गम्मत ( रात्रि 09:00 बजें )
10 सिंतबर मंगलवार - श्री अखंड रामायण पाठ प्रारंभ ( दोपहर 12:00 बजें )
11 सिंतबर बुधवार - श्री अखंड रामायण पाठ समापन एवं प्रसादी वितरण
12 सिंतबर गुरूवार - देश भक्ति गीत प्रतियोगिता
13 सिंतबर शुक्रवार - मानस अंताक्षरी ( रात्रि 09:00 बजें )
14 सिंतबर शनिवार - डोल ग्यारस , विमानो के दर्शन एवं स्वागत
15 सिंतबर रविवार - भजन संध्या ( रात्रि 09:00 बजें )
16 सिंतबर सोमवार - महिला मंडल के द्वारा संकीर्तन
17 सिंतबर मंगलवार - श्री गणेश पूजन हवन (दोपहर 12:00 बजें से )
श्री गणेश विर्सजन एवं भव्य चल समारोह ( सांय 05:00 बजे)

### उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन, सफल उद्यमियों का किया सम्मान

# विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ रोजगार के बारे में सोचना जरूरी: महिपाल सिंह

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर के सीएम राइस विद्यालय में स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के ततधान में उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के सफल उद्यमियों का सम्मान एवं उनके विचारों से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर मुख्य वक्ता के रूप में आए स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक महिपाल सिंह राजावत ने स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की समस्त विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ कमाई के बारे में सोचना चाहिए, उन्होंने ऐसे कई उदाहरण बताए जिसमे लोगों ने पढ़ाई के साथ साथ कमाना सीखा स्वयं रोजगार का स्थापित कर, सफल संचालन कर दूसरों को रोजगार उपलब्ध कराकर असीमित सफलता प्राप्त की है। वही उन्होंने विद्यार्थियों को बेरोजगारी के आंकड़े के साथ बताया कि युवाओं को केवल सरकारी नौकरी पाने के पीछे नहीं दौडना चाहिए, इसकी बजाय नौकरी देने वाला बनना चाहिए। हमारे देश में विशाल युवा



शक्ति है तथा युवाओं के कौशल विकास से ही भारत स्वालंबी एवं आत्मनिर्भर बनेगा। वो दिन दूर नहीं जब हम युवाओं की इस शक्ति के कारण विश्व गुरु के रूप में स्थापित होंगे। नौकरी को रोजगार न मानें, बल्कि स्वरोजगार, कौशल विकास, स्थानीय उद्योग स्थापित कर दूसरों को रोजगार देने का प्रयास करें। युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि अपने व्यवसाय को शुरू में ही पढ़ाई करके छोटे लेवल से शुरू करें ताकि उसके बाद में आवश्यकता के अनुसार बढ़ाया जा सके और लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करा सकें। और साथ में ही अपने नेटवर्क को आगे बढ़ाएं और अच्छे से काम करें। विद्यार्थियों को और युवाओं को इन उद्योगपतियों से व्यवसाय किस प्रकार करना चाहिए और उसको किस प्रकार से आगे बढ़ाना चाहिए इस मामले में उनसे प्रेरणालेनी चाहिए और नौकरी की



तरफ ध्यान न देकर खुद के बिजनेस को किस प्रकार से शुरू करें उस को कैसे आगे बढ़ाए इन रास्तों पर चलना चाहिए। इस दौरान स्वावलंबी भारत अभियान के चार विभाग पूर्ण कालिक तरुण यादव, विद्यालय प्राचार्य महेश कुमार तम्रकार, स्वावलंबी भारत अभियान के जिला सह समन्वयक चरण सिंह रघुवंशी, जिला प्रचार प्रमुख प्रमोद रघुवंशी, सफल उद्यमी माधवी माथुर, प्रदीप शर्मा, विक्रम सिंह रघुवंशी, राजेंद्र बाबू साहू प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद है।

### एक शादी समारोह में बनाया रोजगार का प्लान

उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम के दौरान सफल उद्यमियों उद्यमियों के रूप में आए व्यवसाईयों ने अपने-अपने विचार व्यक्त कर विद्यार्थियों को बताया कि कैसे आज वह नोकरी लेने वाले नहीं, देने वाले बन गए हैं। इस अवसर पर सफल उद्यमी विक्रम सिंह रघुवंशी ने अपने रोजगार और कैसे कैसे उसे विस्तृत रूप दिया। उन्होंने कहा कि मैं राजगढ़, ब्यावरा का रहने वाला हूं, लेकिन एक शादी समारोह में सिरोंज आया था, उक्त शादी के दौरान जब गार्डन के बाहर बैनर लगाने की बारी आई तो सब एक दूसरे का मुंह तांक रहे थे कोई यह नहीं बता पा रहा था कि बैनर कहां से आएगा। सिरोंज जैसी जगह पर फ्लेक्स प्रिंटिंग मशीन का कार्य प्रारंभ किया जाए और आज में अच्छे से इस कार्य को सफलतापूर्वक कर रहा हूं। 15 वर्ष से मैं यहीं रह रहा हूं और मेरे खुद के व्यवसाय को आगे बड़ाने के लिए कई लोग रोजगार कर अपना लालन-पालन कर रहे हैं। ऐसे ही हीरा गैस एजेंसी के संचालक प्रदीप शर्मा ने अपने व्यवसाय के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया वही संजीवनी अस्पताल की संचालक माधवी माथुर ने बताया कि उन्होंने छोटे से स्तर से शुरुआत कर आज शहर में अस्पताल के अलावा क्षेत्र में गैस एजेंसी एवं अन्य कई उद्योग धंधों के माध्यम से सैकड़ो लोगों को रोजगार दे रही है। इस अवसर इन सफल उद्यमियों का शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र पत्र देकर सम्मानित किया।

## पर्युषण पर्व के दौरान मांस विक्रय पर रोक लगाने एसडीएम को दिया आवेदन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



पर्युषण पर्व में पशु बध व मांस विक्रय पर रोक लगाने के लिए आइजा के जिला उपाध्यक्ष राजीव जैन ने एक पत्र एसडीएम हर्षल चौधरी को देते हुए मध्यप्रदेश शासन के एक पत्र का भी उल्लेख किया गया कि 10 दिवसीय पर्युषण पर्व में 6 दिन मांस विक्रय की दुकानो को पूर्णत बंद करने की मांग का उल्लेख किया गया जैन समाज के पर्युषण पर्व आने वाला है। जैन समाज अहिंसा का समर्थक है। नगर में वर्तमान में कई बुचड़ खाने चल रहें है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार अवैध रूप से संचालित बुचड़ खाने बंद होना चाहिए। चातुर्मास के दौरान जैन समाज द्वारा 08 सितम्बर से 15 सितम्बर तक पर्युषण महापर्व मनाया जाएगा। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय और एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया की एडवाईजरी के परिपालन में इस दौरान क्षेत्र में पशु वध, मछ्ली व्यापार एंव मांस विक्रय पर प्रतिबंध लगाने हेतु निवेदन है। भगवान महावीर ने सभी जीवों के प्रति करूणा भाव रखते हुए अहिंसा परमो धर्म का सिद्धांत दिया है। पर्व पर्व के दौरान पशु वंध और मांस विक्रय पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया जाए।

## कोर्ट गेट एरिया में बड़ा पेड़ गिरने से कई दुकान हुई क्षतिग्रस्त

**सिरोंज।** शुक्रवार को बाजार के कोर्ट गेट एरिया में पुराना पेड़ करने से कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं गनीमत रही कि जिस समय पेड़ धराशाई हुआ था उस समय वहां पर कोई मौजूद नहीं तो नहीं तो बड़ी जनहनि भी हो सकती थी पेड़ गिरने के बाद कई दुकानदारों की दुकानों का सामान भी खराब हो गया है। इसके बाद पेड़ को हटवाने के लिए दुकानदारों ने नगर पालिका को सूचना दी वहीं तहसीलदार संजय चौरसिया ने बताया कि हमें पेड़ गिरने की कोई सूचना नहीं है इसकी मैं नगर पालिका से जानकारी लेकर पता करता हूं किस कारण से पेड़ गिरा है।



## पुलिस ने विद्युत तार चुराने वाले गिरोह को किया गिरफ्तार, 2 कबाड़ियों सहित 6 को पकड़ा, दो की तलाश जारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

दीपना खेड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए विद्युत तार चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए के चार तार चोरी करने वाले 4 चोर तथा चोरी के तार को खरीदने वाले दो कबाड़ियों को भी गिरफ्तार किया है। साथ दो और कबाड़ियों की गिरफ्तारी होना शेष है यह दोनों बाहर के बताया जा रहा है। पुलिस के शिकंजे में आए तार चोरों ने कई स्थानों से विद्युत तार चोरी करना स्वीकार किया है चोरी करने के बाद तार को आसपास के कबाड़ियों के साथ बाहर के कबाड़ियों को बेचने का काम भी किया है। इसका खुलासा भी पुलिस ने जब कड़ाई से आरोपियों से पूछताछ की तब स्वीकार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय मे पेश करके पी आर पर भी लिया है। दीपनाखेड़ा थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि चोरों को पकड़ने के लिए वरिष्ठ अधिकार निर्देश में काम किया कड़ी से कड़ी जोड़ी और पास के थानों का सहयोग भी लिया अभी दो कबाड़ियों के पास बहुत कम मात्रा में विद्युत तार मिला है बाकी तार की जप्ती करने के लिए इन आरोपियों को जहां पर माल बेचने बता रहे हैं वहां ले जाकर उसकी तस्तीक करेंगी। एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में लगातार हो रही विद्युत केवल चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु सभी थानों को निर्देशित किया गया था 31 अगस्त एवं 1 सितंबर की दरमियानी रात्रि में ग्राम प्याराखेड़ी थाना दीपनाखेड़ा में बेयर हाउस के पास करीब 16 खम्बो का तार अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने की शिकायत थाने पर प्राप्त हुई थी इस संबंध में थाने में 04.09.24 को अपराध क्रमांक 155/24 धारा 136 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपियों व चोरी गए मशरूका की तलाश पतारसी हेतु टीम गठित की गई जिसके द्वारा साइबर शाखा की मदद से दिनांक 05.04.24 को ग्राम देवखजुरी से थाना करारिया व थाना नटेरन का सहयोग प्राप्त कर 4 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई चारों आरोपियों 1.युसूफ खान पिता शेर अली खान उम्र 24 साल ग्राम महू थाना सिरोंज 2.सलमान खान पिता सुल्तान खान उम्र 26 साल निवासी ग्राम महू थाना सिरोंज 3 लेखराज पिता मेहरबान सिंह यादव उम्र 32 साल निवासी खानपुर थाना सिरोंज 4. सईम खांन पिता भूरा खांन उम्र 26 साल ग्राम महू थाना सिरोंज से पूछताछ पर इन्होंने पिछ्ले कुछ वर्षों में ग्राम प्याराखेड़ी, जगथर, बामोरी शाला, कर्राखेडी थाना दीपना खेड़ा, देव खजूरी थाना करारिया, बलरामपुर थाना मुरवास, सोमवारा थाना नटेरन, भोरासा थाना कुरवाई, रफसौल थाना गुलाबगंज, पामाखेड़ी थाना सिरोंज, महुआखेड़ा पगरानी थाना आनंदपुर,




बीलाधाना चौकी अंबा नगर, गुलाबगंज थाना पथरिया, कोयल घाटी मोला डेम थाना बहादुरपुर, फीडर के पास पथरिया, चितावर थाना सिरोंज के अलग अलग समय पर विद्युत तार चोरी की घटनाएं करना स्वीकार किया जिसमें आरोपियों द्वारा अपनी सेंट्रो कार के माध्यम से 15 से अधिक तार चोरी के अपराधों में कुल 30 क्विंटल से अधिक का तार चोरी करना बताया। उक्त तार को आरोपियों द्वारा अलग अलग कबाड़ियों जिनमें साकिब खान पिता मुन्ने खान उम्र 25 साल निवासी ग्राम देहरी थाना पथरिया, सगीर कुरैशी पिता अब्दुल रशीद कुरेशी उमर 38 साल निवासी कोर्ट गेट सिरोंज को बेचना बताया थाना प्रभारी ने बताया कि शेष माल की बारामती के लिए गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पर पर लेकर पूछताछ कर रहे हैं बाहर के दो कबाड़ियों को और तार चोरी करना पूछताछ में आरोपियों ने बताया है उसके बाद इनको वहां पर ले जाकर शेष तार को बरामद करने का काम करेंगे।

## भारतीय किसान संघ ने सीएम के नाम, तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

हर सामग्री के दाम प्रतिवर्ष बढ़ रहा है पर किसानों की फसलों के दाम जो कई सालों से चले आ रहे हैं वहीं पर बने हुए उनमें वृद्धि नहीं नहीं होने से खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है खाद बीज भी महंगा मिल रहा है दामों में वृद्धि करवाने के लिए किसान भी मांग उठाते हुए नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार संजय चौरसिया को देते हुए तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र पालीवाल ने मांग करते हुए कहा कि किसानों को सोयाबीन पर 1200 रुपए प्रति कुंतल अनुदान दिया जाए समर्थन मूल्य भी लागत से बहुत कम है,समर्थन मूल्य पर खरीदारी सुनिश्चित की जाए, आयात नीति को किसानों के अनुरूप बनाया जाए, खाद बीज मानक सत्यापन के बाद ही बाजार में उपलब्ध कराया जाए, खेत सड़क एवं बलराम तालाब योजना शीघ्र प्रारंभ की जाए, खेती के लिए किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए, खराब पड़े बिजली ट्रांसफार्मर की तत्काल मरम्मत करवाई जाए खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए नई तकनीक को बढ़ावा देने के लिए किसानों को कम दामों पर यंत्र भी उपलब्ध करवाया खेती भूमि का उपयोग केवल खेती के लिए किया उसका उपयोग अन्य कार्यों में ना किया जाए सहित कई मांगें रखी है। इस दौरान अमृत सिंह रघुवंशी, गजेंद्र यादव, सुनील बघेल, हिम्मत सिंह, मोहन सिंह, धर्मेंद्र बघेल, प्रमोद कुशवाहा, फूल सिंह पाल, वीरेंद्र कुशवाहा, बुंदेल पाल, नीरज बाबू सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

**सोयाबीन पर दिया जाए 1200 का अनुदान**

## लटेरी पॉलिटेक्निक में दाखिला हेतु संस्था स्तर पर काउंसलिंग होगी आवेदन 30 तक आमंत्रित

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शासकीय पॉलिटेक्निक महा विद्यालय लटेरी के प्राचार्य डॉ एसके चौकसे ने बताया कि संस्थान में काउंसलिंग प्रक्रिया हेतु आवेदन 30 सितम्बर तक आमंत्रित किए गए है। ऐसे विद्यार्थी जो दसवीं उत्तीर्ण है और सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक एण्ड टेली कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कोर्स करना चाहते है तो अविलम्ब लटेरी पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जो एसडीएम कार्यालय शमशाबाद रोड पर स्थित है में कार्यालयीन दिवसो, अवधि में अथवा संस्था के प्राचार्य डॉ चौकसे के मोबाइल नम्बर 9425352806 पर सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है। आवेदन विभाग की बेवसाइट से अपलोड कर सकते है।

संस्था के प्राचार्य डॉ चौकसे ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पूर्व उल्लेखित डिप्लोमा कोर्स के लिए क्रमशः 60-60 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है। संस्था में डॉ बाबा साहब अम्बेडकर योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं एससी श्रेणी के लिए निःशुल्क छात्रावास एवं भोजन की सुविधा तथा छात्रवृत्ति, निःशुल्क स्टेशनरी सहित पाठयपुस्तके की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है।

**मेट्रो एंकर**

### आयुष्मान भारत निरामयम उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

# हितग्राही पांच लाख तक का मुफ्त उपचार करा सकेंगे: कलेक्टर



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

आयुष्मान भारत की निरामयम् योजना अंतर्गत आज योजना के क्रियान्वयन के संबंध में विदिशा के रविंद्र नाथ टैगोर सांस्कृतिक ( ऑडिटोरियम ) भवन में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ।

इस कार्यशाला में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं आयुष्मान भारत मध्य प्रदेश के सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट शामिल हुए। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को योजना के क्रियान्वयन के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने स्वास्थ्य कर्मियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि भारत सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना को प्रारंभ करने के पीछे बड़ी सोच यह है कि गरीब तबके के पात्रता रखने वाले नागरिक इस योजना में लाभान्वित होकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें। पांच लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार इस योजना के माध्यम से हो जाए इसके लिए सभी पात्रता धारियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी सहि अन्य अमला आयुष्मान कार्ड बनाएं जाने के कार्यों में पूरी लगन और मेहनत से कार्य करें। शेष वंचित रहे हितग्राहियों का भी पंजीयन कार्य कराया जाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, ताकि विपरीत परिस्थितियों में वह स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। इस योजना में बहुत सारी स्वास्थ्य संस्थाएं कार्य कर रही हैं उन्होंने इस योजना को प्राथमिकता देते हुए शासन की मंशा अनुरूप अधिक से अधिक पात्रता रखने वाले हितग्राहियों को इस योजना से लाभान्वित करने पर बल दिया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान मंच पर उपस्थित रहकर अपने स्वयं के मोबाइल से आभा आईडी भी जनरेट की। इस दौरान बताया गया कि आयुष्मान आभा आईडी भी आवश्यक रूप से बनाई जाए। आभा आईडी में हेल्थ रिकॉर्ड दर्ज रहता है जिसमें कब-कहां उपचार कराया था, क्या उपचार मिला था, क्या जांच हुई थी की जानकारी दर्ज रहती है। आयुष्मान भारत निरामय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का समापन शपथ से हुआ। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शपथ का वाचन किया जिसे आयुष्मान भारत मध्य प्रदेश के सीईओ डॉ योगेश भरसट सहित सभी चिकित्सको व अन्य के द्वारा दौहराई गई है।

### स्वास्थ्य शिविर में 1985 की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क औषधियां वितरित की गईं

**सिरोंज।** शासन द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के परिपालन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एचडब्ल्यूसी) में वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ दिनेश अहिरवार ने बताया कि शिविर में वृद्धावस्था में होने वाली बीमारियों जैसे वात रोग, जोड़ों का दर्द (अर्थराइटिस), उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि का उचित चिकित्सा परामर्श दिया गया। आयुर्वेद होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क औषधियां वितरित की गई। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की जांच जैसे बीपी स्क्रीनिंग, थर्मल स्क्रीनिंग, ब्लड शुगर स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन स्क्रीनिंग आदि की गई। वृद्ध जनों के स्वास्थ्य संवर्धन हेतु उनको केंद्र में उपस्थित पोस्टर, बैनर एवं प्रत्यक्ष रूप से जानकारी देकर उचित जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। योग चिकित्सा द्वारा होने वाली बीमारियां की रोकथाम एवं बचाव हेतु योगासन एवं औषधालय में बनाए गए हर्बल गार्डन में औषधि पौधों के महत्व भी बताए गए। शिविर के नोडल एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सौरभ विक्रम ने बताया कि शिविर में कुल लाभार्थियों की संख्या 1985 रही जिनमें पुरुष लाभार्थी 1087, महिला लाभार्थी 898 शामिल।



## ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**सिरोंज।** राजस्व महा अभियान के तहत ग्राम पंचायत खडेर में शिविर का आयोजन किया गया था उक्त शिविर में ग्राम के सचिव मोहर सिंह अहिरवार अनुपस्थित रहने पर उन्हें शोकॉज नोटिस दिया गया था जिसका जबाव समाधानकारक नहीं पाए जाने के फलस्वरूप जिला पंचायत के सीईओ द्वारा ग्राम के सचिव मोहर सिंह अहिरवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री अहिरवार का मुख्यालय नटेरन जनपद पंचायत कार्यालय नियत किया गया है। नियमानुसार निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। ग्राम पंचायत खडेर के सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत सतपाडाहाट के सचिव इस्ताक खॉन को सौंपा गया है।

## दो आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की सेवा समाप्ती के आदेश जारी

**सिरोंज।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में विदिशा जिले में संचालित आंगनबाडी केन्द्रों के औचक निरीक्षण सतत जारी हैं निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित व संचालन कार्यो में लापरवाही बरतने वालो के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने बताया कि ग्राम अंडियाखुर्द एवं परसौरा की आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के द्वारा केन्द्र का सुव्यवस्थित संचालन, निर्देशो का पालन नहीं करने एवं निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने तथा जारी शोकॉज नोटिस का जबाव समाधानकारक प्राप्त नहीं होने के फलस्वरूप जिन दो आंगनबाडी कार्यकताओं की सेवा समाप्ति के आदेश जारी किए गए है उनमें ग्राम अंडियाखुर्द की श्रीमती रजनी शर्मा और आंगनबाडी केन्द्र परसौरा की आंगनबाडी कार्यकर्ता श्रीमती सविता रघुवंशी शामिल है।

# यूएई के 2 वेन्यू पर खेला जाएगा विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप, 3 अक्टूबर से दुबई व शारजाह में खेले जाएंगे मुकाबले; पहले बांग्लादेश में होने थे मैच



**नईदिल्ली. एजेंसी**

बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता की वजह से विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप बांग्लादेश से शिफ्ट कर दिया गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (बीसीसीआई) ने यह ऐलान किया, हालांकि मेजबानी बांग्लादेश के ही पास है। 3 अक्टूबर शुरू होने जा रहे इस टूर्नामेंट के मुकाबले यूएई के दुबई इंटरनेशनल और शारजाह के मैदान पर खेले जाएंगे। बीसीसीआई के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, बांग्लादेश में महिला टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी नहीं करना शर्म की बात है, क्योंकि हम जानते हैं कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) एक यादगार आयोजन कर सकता था। श्रीलंका और जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने भी टूर्नामेंट अपने यहां कराने में रुचि दिखाई थी, लेकिन काउंसिल ने मुकाबले यूएई में कराने का फैसला लिया।

### यूएई ने 2021 में मेंस टी-20 वर्ल्ड कप भी कराया था

यूएई पहले भी टी-20 वर्ल्ड कप का आयोजन कर चुका है। साल 2021 में कोरोना की वजह से भारत में होने वाले मेंस टी-20 वर्ल्ड कप यूएई में करवाया गया था, हालांकि इसकी मेजबानी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पास ही थी।

### बीसीसीआई ने खारिज किया था प्रस्ताव

आईसीसी ने बीसीसीआई से टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए प्रस्ताव दिया था, लेकिन भारतीय बार्ड ने आईसीसी के प्रस्ताव यह कहकर खारिज कर दिया था कि हम यह संकेत नहीं देना चाहते हैं कि हम लगातार अपने ही घर में वर्ल्ड कप कराना चाहते हैं। बीसीसीआई के सेक्रेटरी जय शाह ने बताया था कि भारत अगले साल 2025 में विमेंस वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है।

### 10 टीमें टी-20 वर्ल्ड कप में लेंगी हिस्सा

बांग्लादेश में विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 3 से 20 अक्टूबर तक खेला जाना है। इस वर्ल्ड कप में 10 टीमें हिस्सा लेंगी। 18 दिनों में 23 मैच आयोजित किए जाएंगे। भारत ग्रुप ए में 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ है। इसके अलावा इस ग्रुप में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और क्वालिफायर से आई एक टीम शामिल है। वहीं मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और क्वालिफायर-2 टीम ग्रुप बी में है। इस ग्रुप के सभी मैच ढाका में खेले जाएंगे।

### दोनों ग्रुप से टॉप दो टीमें पहुंचेगी सेमीफाइनल में

सेमीफाइनल में दोनों ग्रुप की टॉप दो टीमें पहुंचेंगी। पहला सेमीफाइनल 17 अक्टूबर को सिलहट में और दूसरा सेमीफाइनल 18 अक्टूबर को ढाका में खेला जाएगा। वहीं 20 अक्टूबर को फाइनल ढाका में ही खेल जाएगा।

इंग्लैंड ने कैलेंडर रिलीज किया

# लॉर्ड्स में पहली बार होगा विमेंस टेस्ट 2026 में भारत-इंग्लैंड के बीच मुकाबला

**नईदिल्ली, एजेंसी**

लंदन का लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम इतिहास में पहली बार विमेंस टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। इंग्लैंड ने अपने 2026 तक का कैलेंडर रिलीज किया, इसमें बताया कि भारत और इंग्लैंड के बीच एकमात्र विमेंस टेस्ट खेला जाएगा। जो इस ऐतिहासिक मैदान पर पहला ही विमेंस टेस्ट होगा। इंग्लैंड 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी एक टेस्ट खेलेगा, जो दोनों टीमों के बीच 22 साल में पहला ही टेस्ट होगा। जिम्बाब्वे के बाद इंग्लिश टीम 5 टेस्ट के लिए भारत की मेजबानी करेगी। इसके बाद इंग्लैंड सीधे ऑस्ट्रेलिया में ऐशेज सीरीज खेलने जाएगी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने बताया, 2026 में भारत-इंग्लैंड के बीच विमेंस टेस्ट स्पेशल मोमेंट पर होगा। 1976 में दिग्गज रेशल हेहो फ्लिंट की कप्तानी में आखिरी बार इंग्लैंड विमेंस टीम ने लंदन में टेस्ट खेला था। इस खास मौके के 50 साल पूरे होने पर लंदन के ही लॉर्ड्स स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच होगा।



### इंग्लैंड की किसी प्लेयर ने लॉर्ड्स में टेस्ट नहीं खेला

स्ष्टष्ट क्रिकेट कमेटी की चेयरपर्सन और इंग्लैंड की पूर्व खिलाड़ी क्लेयर टेलर ने कहा, मैंने अपने करियर में 15 टेस्ट खेले, लेकिन लॉर्ड्स में एक भी नहीं खेल सकी। इसलिए मैच की खबर सुनकर मैं बहुत खुश हूं। खासकर उन प्लेयर्स के लिए भी मुझे खुशी हो रही है, जो 2026 में यह मैच खेलेंगी। इंग्लैंड में अब क्रिकेट खेलने वालीं युवा लड़कियां होम ऑफ क्रिकेट लॉर्ड्स पर टेस्ट मैच खेलने के सपने भी देख सकती हैं। इससे यह भी साबित होगा कि क्रिकेट सभी का खेल है।

### 2024 और 2025 में कोई विमेंस टेस्ट नहीं खेलेगा इंग्लैंड

इंग्लैंड विमेंस क्रिकेट टीम इस साल कोई टेस्ट नहीं खेलेगी, उन्हें अगले साल भी कोई टेस्ट नहीं खेलना है। टीम सीधे 2026 में भारत के खिलाफ ही टेस्ट खेलेगी। इससे पहले टीम ने 2023 में भारत के खिलाफ ही भारत में आखिरी टेस्ट खेला था। इसमें भारत को जीत मिली थी। वेस्टइंडीज की मेंस और विमेंस टीम अगले साल इंग्लैंड में 3 वनडे और 3 टी-20 की सीरीज खेलने के लिए आएगी। इंग्लैंड की मेंस टीम अगले साल साउथ अफ्रीका की मेजबानी भी करेगी। फिर टीम सितंबर में ही आयरलैंड दौरे पर जाएगी।

### जिम्बाब्वे क्रिकेट को बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के सीईओ रिचर्ड गुल्ड ने कहा, जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट खेलना ऐतिहासिक पल रहेगा। दोनों देशों ने 20 साल से कोई टेस्ट नहीं खेला। विकसित देशों में टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देना हमारी ही जिम्मेदारी है।

### जिम्बाब्वे के बाद भारत से टेस्ट

जिम्बाब्वे के खिलाफ इंग्लैंड टीम का एकमात्र टेस्ट अगले साल 22 मई से शुरू होगा। इसके बाद टीम भारत के खिलाफ 5 टेस्ट खेलेगी। पहला मुकाबला 20 जून को शुरू होगा, जबकि आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त तक खेला जाएगा।

अमांडा और जेसिका में खिताबी भिड़ंत

# दो अमरीकी खिलाड़ियों के बीच खेला जाएगा फाइनल



**मॉन्ट्रियल. एजेंसी**

अमरीका की अमांडा अनिसिमोवा ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस के महिला एकल फाइनल में प्रवेश किया। 22 वर्षीय अमांडा ने अंतिम-4 में 8वीं वरीय एम्मा नवारो को 6-3, 2-6, 6-2 मात दी। अमांडा टूर्नामेंट में पिछले चार दशकों में सबसे कम रैंक वाली फाइनलिस्ट है। फाइनल में उनका सामना हमवतन और गत चैंपियन 30 वर्षीय जेसिका पेगुला से होगा, जिन्होंने अंतिम-4 में रूस की डायना श्राइडर को 6-4, 6-3 से हराया। जीत के बाद पेगुला ने कहा कि उन्हें खिताब जीतने का भरोसा है।

### पेगुला का पलड़ा भारी

छठे नंबर पर काबिज जेसिका पेगुला अब तक हुए मुकाबलों में 132वीं नंबर की खिलाड़ी अमांडा पर भारी पड़ी है और खेले गए दोनों ही मुकाबले में जीत दर्ज की है। 2001 के बाद यह पहली बार है जब दो अमरीकी महिला खिलाडियों के बीच फाइनल होगा।

## विंडीज ने अथानेज के दम पर टेस्ट मैच ड्रॉ

**पोर्ट ऑफ स्पे, एजेंसी।** एलिक अथानेज (92 रन) के शानदार अर्धशतक से वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट मुकाबला ड्रॉ कराया। पहली पारी में 357 रन बनाने वाली दक्षिण अफ्रीका ने विंडीज टीम को 233 रन पर समेटने के बाद पांचवें दिन दूसरी पारी में 3 विकेट पर 173 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। विंडीज को 298 रन का लक्ष्य मिला लेकिन टीम ने 5 विकेट पर 201 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने मैच में कुल आठ विकेट चटकाए।



## मेट्रो बाजार

# 6 महीने में प्रीमियम इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट की मांग 3 गुना तक बढ़ी

**मुंबई, एजेंसी**

देश में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में प्रीमियम प्रोडक्ट की मांग तेजी से बढ़ रही है। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में बिक्री से कमाई (वैल्यू) में 11त्न इजाफा हुआ है, जबकि बिक्री के वाल्यूम में सिर्फ 1 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई। जनवरी से जून 2024 के दौरान स्मार्टफोन की बिक्री से कमाई में 12त्न का इजाफा देखा गया है, जबकि बीते साल की तुलना में बिक्री में ब?ौतरी नहीं हुई। बिक्री फ्लैट रहने के बावजूद वैल्यू में उछाल बताता है कि प्रीमियम या महंगे प्रोडक्ट की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म जीएफके की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रमुख अप्लायंसेज की बिक्री पिछले साल की तुलना में तीन गुना बढ़ गई। छोटे घरेलू अप्लायंसेज की बिक्री में 29 फीसदी की वृद्धि हुई है। मुख्य वजह किचन अप्लायंसेज की बढ़ती मांग है। कूलिंग प्रोडक्ट सहित प्रमुख घरेलू अप्लायंसेज की बिक्री में 18 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई। एयर कंडीशनर की बिक्री 30 फीसदी और रेफ्रिजरेटर की 7 फीसदी बढ़ी है। इससे पता लगता है कि कंज्यूमर अपने घरों में सुविधाजनक और नए डिवाइस का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। इस साल की पहली छमाही में भारत में करीब 2 लाख करोड़ रुपए की 12.5 करोड़ यूनिट्स की बिक्री हुई। यह बीते साल की तुलना में 3 फीसदी अधिक है। जीएफके की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल की पहली छमाही में कंज्यूमर्स के बीच ज्यादा फीचर वाले प्रीमियम प्रोडक्ट की डिमांड बढ़ी है। उदाहरण के लिए, 256 जीबी से अधिक स्टोरेज वाले स्मार्टफोन की बिक्री में 140त्न की बढ़ोतरी देखने को मिली। गेमिंग लैपटॉप और 9 किलो या उससे अधिक क्षमता वाली वॉशिंग मशीन की बिक्री में 30 फीसदी की ग्रोथ रही। 5 स्टार स्प्लिट इन्वर्टर एसी की बिक्री में 59 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। देश का टीजीसी मार्केट करीब 2 लाख करोड़ रुपए का है। हालांकि, एंट्री लेवल से मिड लेवल में बिक्री घटी है। मोबाइल की ओवरऑल बिक्री 6 फीसदी घट गई, वहीं कीमत के आधार पर 10 फीसदी की ग्रोथ देखने को मिली। लोग प्रीमियम प्रोडक्ट खरीद रहे हैं। रेफ्रिजरेटर्स में साइड-बाय-साइड, फ्रेंच डोर और 3 या 4 डोर सेगमेंट जैसे प्रीमियम मॉडल में 11 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली।



# खुशखबर: बैंकों में धन रखने वालों को ज्यादा ब्याज देने की हो रही तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

बैंकों में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) समेत अन्य योजनाओं में पैसा जमा करने वाले लोगों को अब पहले ज्यादा ब्याज मिल सकता है। बैंक अपनी योजनाओं को आकर्षक बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। आने वाले कुछ दिनों में देश के प्राइवेट और सरकारी बैंक इसकी घोषणा कर सकते हैं। खासकर छोटी अवधि से जुड़ी योजनाओं को बैंक ज्यादा आकर्षक बनाने जा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों के दौरान बैंकों में जमा (डिपॉजिट) घटा है और लोन की मांग बढ़ी है। इसका कारण यह है कि अब लोग अपनी बचत को उन जगहों पर ले जा रहे हैं, जहां उन्हें ज्यादा रिटर्न दिखाई दे रहा है। इसलिए केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक की सलाह पर बैंक अब ज्यादा आकर्षक जमा योजनाओं को लाने पर विचार कर रहे हैं। बैंकों को डिपॉजिट जुटाने में मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि लोग ज्यादा रिटर्न के लिए इक्विटी, म्यूचुअल फंड्स और दूसरे फिजिकल एसेट्स में निवेश कर रहे हैं। टैक्स चुकाने और इनफ्लेशन को एडजस्ट करने के बाद बैंकों से मिलने वाला रिटर्न बहुत कम रह जाता है। लेकिन, डेटा बताते हैं कि बीते कुछ महीनों में डिपॉजिट बढ़ा है।

मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना



# दीया मिर्जा ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर आवाज की बुलंद, कहा- *हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा*

अभिनेत्री दीया मिर्जा 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा सभा 2047 का हिस्सा बनीं। अभिनेत्री ने बातचीत के दौरान पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया और सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे हानिकारक चीजों के उपयोग से बचने की सलाह दी। अभिनेत्री दीया मिर्जा बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो पर्यावरण को लेकर बहुत ही सजग रहती हैं। अभिनेत्री लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपनी आवाज बुलंद करती आ रही हैं। वह पर्यावरण और प्रकृति के बचाव के लिए लोगों को हमेशा प्रेरित करते हुए नजर आती हैं। अभिनेत्री संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सद्भावना की एंबेसडर भी हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एडवोकेट दीया मिर्जा बदलाव के लिए हमेशा मुखर होकर बोलती हैं। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन, संरक्षण और पर्यावरण के क्षेत्र में अपने प्रयासों में योगदान दिया है। अभिनेत्री ने 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा सभा 2047 भारत के भविष्य को आकार देने वाले कार्यक्रम में भाग भी लिया। एएनआई से बातचीत में अभिनेत्री ने पर्यावरण के संरक्षण और सकारात्मक बदलाव को लेकर अपने विचार साझा किए। अभिनेत्री ने कहा, 'हम अपने दैनिक जीवन में जो कुछ भी उपयोग करते हैं वह पृथ्वी से आता है और इसे पृथ्वी और लोगों के लिए स्वस्थ रूप और आकार में वापस पृथ्वी पर जाना चाहिए। कुछ दिन पहले, हमने दुनिया को बताया कि हमने उन संसाधनों का उपयोग कर लिया है जो पृथ्वी हमें हर साल प्रदान करती है, इसे 'अर्थ ओवरशूट डे' कहा जाता है। यह अगस्त में हुआ, इस साल के अभी चार महीने और बचे हैं और हम पहले ही अपनी खपत या पृथ्वी द्वारा प्रदान की जाने वाली चीजों को पार कर लिया है। इसका मतलब है कि हम अपने बच्चों और आने वाली पीढ़ियों से वह चुरा रहे हैं, जो उन्हें जीने, स्वस्थ रहने और खुश रहने के लिए चाहिए।' अभिनेत्री दीया मिर्जा ने लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक को अस्वीकार करने और अपनी जड़ों की ओर लौटने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'जब हम व्यक्तिगत रूप से चुनाव करते हैं तो बदलाव होता है। इसलिए सिंगल यूज प्लास्टिक को अस्वीकार करें। साधारण चीजें जिन्हें हम अस्वीकार कर सकते हैं वे हैं बोतलें, कटलरी, क्रॉकरी आदि।

# कबीर से अफेयर को लेकर कृति बोलीं: *मुझे क्लियर करना पड़ता है कि यह सच नहीं है...*



एक्ट्रेस कृति सेनन इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। पिछले कुछ समय से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ डेटिंग की खबरें उड़ रहीं हैं। कृति ने कबीर बहिया के साथ अपनी डेटिंग अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है। एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान डेटिंग की खबरों पर रिएक्शन दी हैं और इसे निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि मुझे बार-बार क्लियर करना पड़ता है कि यह सच नहीं है। कृति सेनन की कबीर बहिया के साथ छुट्टियों की तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि एक्ट्रेस जल्द ही शादी करने की योजना बना रही हैं। हाल ही में कृति सेनन ने फिल्मफेयर के साथ एक इंटरव्यू में बताया कि वो शादी करने के मूड में नहीं हैं और उन्होंने इन खबरों को बेहद परेशान करने वाला बताया है। कृति सेनन ने कहा जब इस तरह की गलत जानकारी फैलाई जाती है तो इसे सुनकर बहुत गुस्सा आता है। इसका असर परिवार पर पड़ता है। मेरे फ्रेंड मैसेज भेजते हैं कि क्या यह सच है? बार- बार मुझे क्लियर करना पड़ता है कि यह सच नहीं है। बता दें कि यह पहला मौका नहीं है जब कृति सेनन का नाम किसी के साथ जोड़ा जा रहा है। इससे पहले एक्ट्रेस का नाम टाइगर श्रॉफ से लेकर प्रभास तक कई एक्टर्स के साथ जुड़ा है। इस समय चर्चा है कि कृति सेनन यूके बेस्ड बिजनेसमैन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जुलाई में कबीर बहिया के साथ कृति की तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो गई थीं। उन्हें ग्रीस में एक साथ छुट्टियां मनाते देखा गया था।



# 'मुफासा' में सुनाई देगी शाहरुख और उनके बेटों की आवाज

डिज्नी की अपकमिंग फिल्म 'मुफासा- द लॉयन किंग' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने पहली बार अपने दोनों बेटों आर्यन और अबराम के साथ वॉइस ओवर दिया है। यह पहली बार है जब शाहरुख ने किसी प्रोजेक्ट पर अपने दोनों बच्चों के साथ मिलकर काम किया है। यह पहली बार है जब शाहरुख ने किसी प्रोजेक्ट पर अपने दोनों बच्चों के साथ मिलकर काम किया है। फिल्म के हिंदी वर्जन के लिए शाहरुख ने मुफासा के किरदार को आवाज दी है। वहीं उनके बड़े बेटे आर्यन ने सिंबा और छोटे बेटे अबराम ने यंग मुफासा के किरदार को आवाज दी है। फिल्म में खान परिवार के अलावा संजय मिश्रा ने पुम्बा और श्रेयस तलपड़े ने टिमॉन के किरदार को आवाज दी है।

**ट्रेलर में नजर आई मुफासा और स्कार की कहानी:** यह फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई 'द लॉयन किंग' की सीक्वल और प्रीक्वल दोनों है। इसकी कहानी वहीं से आगे बढ़ती है जहां 2019 में रिलीज हुई 'द लॉयन किंग' की कहानी खत्म हुई थी। फिल्म के ट्रेलर में मुफासा का दोस्त रफीकी अब उसके बेटे सिंबा को मुफासा और उसके भाई स्कार की कहानी सुनाता नजर आ रहा है।

**इस साल क्रिसमस पर रिलीज होगी फिल्म:** इससे पहले 2019 में रिलीज हुई 'द लॉयन किंग' खुद 1994 में इसी नाम से बनी फिल्म की रीमेक थी। इस रीमेक में शाहरुख ने मुफासा और आर्यन ने सिंबा के किरदार को आवाज दी थी। बैरी जेनकिंस के निर्देशन में बनी 'मुफासा- द लॉयन किंग' देश में इस साल क्रिसमस पर अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

# खुद के लिए कट्टा खरीदने गया चेक करते समय चली थी गोली

## कोलार पुलिस ने घायल को भी बनाया आरोपी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलार इलाके के ललिता नगर में गोली लगने से घायल वैन ड्राइवर को भी पुलिस ने आरोपी बना लिया है। वह अपने दोस्त के पास अपने लिए कट्टा खरीदना गया हुआ था। चेक करने के दौरान गोली चल गई थी। गोली दीवार से टकराने के बाद उसके पैर में लगी थी। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि, घायल का अभी इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, अमराई मोहल्ला गेहूंखेड़ा निवासी 19 वर्षीय अल्ताफ खान पिता मुस्ताक गुरुवार को घायल अवस्था में जेके अस्पताल पहुंचा था। उसने अस्पताल में बताया कि अज्ञात तीन लोगों ने उसे गोली मार दी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब अल्ताफ से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया। बताया कि वह अपने साथी राज राजपूत से एक कट्टा खरीदने के लिए बात की थी। उसने बोला था कि मेरे पहचान के अनुज यादव के पास एक कट्टा है। उसी को लेने के लिए गुरुवार को वह राज राजपूत के घर राजहर्ष कालोनी गया था। जहां पर राज के साथ अनुज भी मिला। अनुज ने अपने पास से कट्टा निकाल कर राज के हाथ में दिया। मैंने कहा कि यह कैसे काम करता है। तभी राज ने कट्टा खोल कर उसमे एक कारतूस भरा। राज की लापरवाही से गोली चल गई। गोली की बुलट दीवार से टकराकर मेरे बाएं पैर के घुटने के नीचे पिंडली मे लगी। जिससे मेरे पैर से खून निकलने लगा। हम तीनों घबरा गये। पुलिस से बचने के लिये तीनों ने मिलकर प्लान बनाया कि हम लोग पुलिस को बता देंगे की अज्ञात लोग गोली मारकर भाग गए हैं। इस खुलासे के बाद पुलिस ने फरार आरोपी राज राजपूत व अनुज यादव को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से देशी कट्टा भी बरामद कर लिया है। घायल होने की वजह से अभी अल्ताफ को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। शुक्रवार को उसका अस्पताल में ऑपरेशन हुआ। अल्ताफ ने बताया कि 10 हजार रुपए में कट्टे का सौदा हुआ था। पुलिस अनुज को कट्टा देने वाली की तलाश में जुटी है।

# सफर के दौरान लाखों रुपए के मोबाइल-लैपटाप चोरी

## ट्रेनों में नहीं थम रही चोरी और छीनाझपटी की वारदातें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी और छीनाझटपटी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। गत चौबीस घंटे के भीतर बदमाशों ने आधा दर्जन से ज्यादा यात्रियों के लाखों रुपए कीमत के मोबाइल फोन और लैपटाप समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार बिहार निवासी आलोक रंजन आरा से रानी कमलापति की यात्रा कर रहे थे। होशंगाबाद निकलने के बाद कोच अटेंडर ने उन्हें जगाया तो रैक पर रखा उनका लेदर बैग गायब था। बैग मैं 62 हजार रुपए कीमती का लैपटाप, मोबाइल चार्जर, खाने-पीने का सामान, कंबल समेत अन्य सामान रखा हुआ था।

इसी प्रकार विदिशा निवासी अभिषेक अहिरवार मेमो ट्रेन में सवार होकर विदिशा जा रहे थे। कोच में चड़ते समय किसी ने जेब में रखा 18 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन निकाल लिया। इधर राजगड़ निवासी चंदर सिंह कटारिया जबलपुर जाने के लिए भोपाल स्टेशन पहुंचा। प्लेटफार्म क्रमांक एक पर चार्जिंग पाइंट पर लगा उसका 12 हजार रुपए कीमत का मोबाइल चोरी हो गया। मोबाइल लूटकर भागे बदमाश विदिशा निवासी दीपक साहू परिवार के साथ मालवा एक्सप्रेस में उज्जैन से विदिशा की यात्रा कर रहे थे। भोपाल आउटर पर ट्रेन में खड़े एक युवक ने उनका मोबाइल झपट लिया और ट्रेन से कूदकर भाग निकला। लूटे गए मोबाइल की कीमत 19 हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार सांची जिला रायसेन निवासी दीपेश पाल मालवा एक्सप्रेस से विदिशा जा रहे थे। वह स्लीपर कोच की गैलरी में खड़े थे, तभी पीछे आए एक युवक ने उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया और कूद कर भाग निकला। लूटे गए मोबाइल की कीमत 10 हजार रुपए बताई गई है। पेपर देने आई युवतियों का सामान चोरी मंडला निवासी संतोष कुमार अपनी बेटी को पेपर दिलवाने के लिए भोपाल आए थे। रानी कमलापति ओवर ब्रिज पर सोते समय बेटी का 12 हजार रुपए कीमत का मोबाइल चोरी हो गया। इसी प्रकार मंडला निवासी अलका कछवाह भी पेपर देने भोपाल आई थी। ओवर ब्रिज पर सोते समय उसका बैग चोरी हो गया। तलाश करने पर बैग प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर पड़ा मिला, लेकिन उसमें रखा 17 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन, डेड़ हजार रुपए कीमत का हेडफोन, 7500 रुपए नकदी समेत अन्य सामान गायब था।

**जेब से निकाला 30 हजार का मोबाइल:** नर्मदापुरम निवासी कपिल बड़ानी मालवा एक्सप्रेस में लुधियाना से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। भोपाल रेलवे स्टेशन पर उतरने के दौरान ट्रेन में काफी भीड़भाड़ थी। इसी बीच किसी ने उनकी जेब में रखा 30 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## नाश्ता कर रहे युवक का मोबाइल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



न्यू मार्केट में नाश्ता कर रहे एक युवक का बेंच पर रखा मोबाइल चोरी चला गया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 24 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अभिषेक कनाडे (32) रिगालिया कालोनी ग्राम बागली मिसरोद में रहते हैं और ड्रायवरी करते हैं। बीती 21 अगस्त को वह शापिंग करने के लिए न्यू मार्केट गए थे। शाम करीब छह बजे शेखर नाश्ता दुकान पर पहुंचे और नाश्ता करने लगे। इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल बेंच पर रख दिया था। नाश्ता करने के बाद देखा तो उनका मोबाइल चोरी हो चुका था। उन्होंने हेल्पलाइन के माध्यम से अपनी सिम बंद कराई और काम से बाहर चले गए। वापस लौटने पर गुरुवार को थाने जाकर मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## डीजे वाहन पर खड़ा युवक सड़क पर गिरा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गणेशजी की झांकी लेकर आ रहा एक युवक डीजे वाहन से गिरकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल के भाई की रिपोर्ट पर वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कन्हैया बंजारा शबरी नगर में रहता है। गुरुवार रात करीब आठ बजे वह झांकी लेकर आ रहा था। उसे डीजे वाहन पर साउंड की देखरेख के लिए खड़ा किया गया था। डीजे वाहन पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं थे। पंजाब नेशनल बैंक के सामने कोटरा चौराहे पर अचानक डीजे वाहन आगे बड़ा, तभी कन्हैया का बैलेंस बिगड़ा और वह सिर के बल सड़क पर जा गिरा। साथियों ने उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया और बड़े भाई सूरजा बंजारा को सूचना दी। भाई से मिलने के बाद सूरज ने थाने जाकर डीजे वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

## हरतालिका तीज की पूजा



भोपाल,दोपहर मेट्रो। नेपाली समाज मंदिर में हरतालिका तीज की पूजा अर्चना करती हुई महिलाएं - फोटो निर्मल व्यास

## रास्ता भटके मासूम बच्चों को मां से मिलाया

**भोपाल।** बागसेवनिया इलाके में रास्ता भटके 2 मासूम बच्चों को डायल 100 पर तैनात स्टाफ ने मां से मिलवा दिया। दोनों बच्चे घर के सामने खेलते समय भटकते हुए एम्स अस्पताल के पास हाउसिंग बोर्ड कालोनी पहुंच गए थे। परिजनों को बच्चों की सुरक्षा को लेकर समझाईश दी गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल 100 को सूचना मिली कि एम्स अस्पताल के पास हाउसिंग बोर्ड कालोनी में दो मासूम बच्चे मिले हैं, जो अपने घर का रास्ता नहीं बता पा रहे हैं। सूचना मिलते ही बागसेवनिया इलाके में तैनात एफआरवी को तत्काल ही मौके पर भेजा गया। एफआरवी पर तैनात एएसआई दुलीचंद सिंगाड़े, प्रधान आरक्षक जगदीश संजोदिया और पायलेट अमित कटारे मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों बच्चों को अपने संरक्षण में लेकर उनके परिजनों की तलाश शुरू की। आसपास पूछताछ करने पर अमराई परिसर में रहने वाले बच्चों के परिजनों का पता चला तो पुलिस वहां पहुंची। पहचान करने के बाद दोनों बच्चों को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया। मां ने पुलिस को बताया कि 4 और 2 साल के दोनों बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे, तभी रास्ता भटक दूसरी कालोनी में पहुंच गए। पुलिस ने परिजनों को बच्चों की उचित देखभाल की समझाईश दी है।

# चोरी की वारदात: रिटायर्ड नेवी अधिकारी के घर चोरों का धावा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित हेवंश लाइफ कालोनी में रिटायर्ड नेवी अधिकारी के के सूने मकान से बदमाश लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर ले गए। वारदात के समय अफसर अपने साकेत नगर वाले मकान पर थे। पुलिस ने अज्ञात नकबजनों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार साकेत नगर निवासी प्रकाश शर्मा नेवी के रिटायर्ड अधिकारी हैं। उनका एक घर हेवंश लाइफ कालोनी कटारा हिल्स में है। उनके बच्चे विदेश में रहते हैं। जब वे भोपाल आते हैं तो इसी मकान में रहते हैं, इसलिए मकान में घर गृहस्थी का पूरा सामान रखा हुआ है। प्रकाश समय-समय पर मकान की देखरेख के लिए आते-जाते रहते हैं। बीती 29 अगस्त को वह हैवंश कालोनी पहुंचे थे, तब पूरा मकान सुरक्षित था। करीब एक हफ्ते बाद गुरुवार को मकान पर पहुंचे तो ताला टूटा मिला। तलाशी लेने पर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात नहीं थे। पुलिस ने बताया कि प्रकाश का घर कालोनी के कोने पर है। इस मकान के पीछे ही खेत लगे हुए हैं। अनुमान है कि बदमाश इसी खेत की तरफ से आए थे और वारदात करने के बाद खेत के ही रास्ते से भाग निकले।

## सांची डेयरी के सामने खड़ी स्कूटर चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पर्यटन भवन के पास स्थि सांची डेयरी के सामने खड़ी एक स्कूटर चोरी चली गई। फरियादी स्कूटर में चाबी लगी छोड़कर दोस्तों से बातचीत कर रहा था, तभी कोई स्कूटर चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शुभम बिष्ट (29) ऋषि नगर, चार इमली हबीबगंज में रहता है और जिला न्यायालय में चतुर्थश्रेणी कर्मचारी है। पिछले दिनों वह भदभदा रोड कमला नगर स्थि पर्यटन भवन के पास सांची डेयरी के सामने दोस्तों से मिलने पहुंचा था। उसने अपनी स्कूटर पास ही चाबी लगी खड़ी कर दी। दोस्तों से बातचीत करके करीब पौने घंटे बाद घर जाने लगा तो पता चला कि स्कूटर गायब है। तलाश करने के बाद भी जब स्कूटर का कुछ पता नहीं चला तो थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। स्कूटर की डिग्गी में वाहन के कागजात के अलावा दो ब्लैंक चेक, पासबुक, चेकबुक समेत अन्य जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। महिला की स्कूटर ले उड़े बदमाश कोहेफिजा थानांतर्गत ओमशिव नगर नयापुरा में रहने वाली सुजादा जैन के घर के सामने खड़ी स्कूटर चोरी चली गई।

# जेसीबी चुराने वाला ऑपरेटर गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निशातपुरा पुलिस ने जेसीबी मशीन चुराने वाले ऑपरेटर को गिरफ्तार कर मशीन बरामद कर ली। आरोपी मशीन को राजस्थान में ले जाकर बेचना चाहता था, इससे पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस के अनुसार रईश खान (58) ग्राम हिनौतिया अशोका गार्डन में रहते हैं और जेसीबी मशीन संचालक हैं। बीती 1 सितंबर की रात को उन्होंने अपनी मशीन जेल रोड स्थित एलेक्जर कालोनी के सामने ख?ी की थी। अगले दिन आपरेटर आसिफ पहुंचा तो मशीन नहीं थी। तलाश करने पर भी जब जेसीबी का पता नहीं चला तो रईश ने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए तो जेसीबी राजगड़ हाइवे की तरफ जाती हुई नजर आई। पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किए। इस बीच सूचना मिली कि सोनकच्छ टोल नाके के पास पहाड़ी के पीछे दो दिन पहले एक जेसीबी देखी गई थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो मशीन पर बैठा एक युवक उतरकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पूछताछ पर उसने अपना नाम मांगीलाल तंवर (20) निवासी ग्राम कायरी, थाना छापीहेड़ा जिला राजगड़ बताया।

**राजस्थान ले जाकर बेचना चाहता था चोरी की मशीन**



**तीन महीने से बना रहा था योजना:** पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी मांगीलाल तीन महीने पहले इसी जेसीबी पर आपरेटर का काम करता था। वह तभी से उक्त मशीन को चोरी करने की योजना बना रहा था। जेसीबी चोरी कर वह कोटा राजस्थान ले जाकर बेचने वाला था। वारदात के बाद पुलिस और टोल प्लाजा से बचने के लिए वह सोनकच्छ की पहाड़ी के पीछे मशीन लेकर खड़ा था, ताकि रात के अंधेरे में गांव के कच्चे रास्तों से होकर राजस्थान की सीमा में दाखिल हो जाता, लेकिन उसके पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

**मेट्रो एंकर** साजंती केबी डिवीजन के खटिया मोचा एरिया कमेटी की है सदस्य

# परसाटोला चिचरंगपुर के जंगल से महिला नक्सली साजंती गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



हॉकफोर्स ने बालाघाट के परसाटोला चिचरंगपुर के जंगल से महिला नक्सली साजंती को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला साजंती केबी डिवीजन के खटिया मोचा एरिया कमेटी की सदस्य है। वह 2011 में नक्सल संगठन में भर्ती हुई थी। 2016 से एमएमसी जोन में केबी डिवीजन के खटिया मोचा दलम की सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य कर रही थी। उसके पास से पिस्टल, मैगजीन समेत अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं। 32 वर्षीय साजंती मूलत~ महाराष्ट्र के गड़चिरोली जिले की तहसील एटापल्ली के ग्राम नैनगुडा, चौकी कासनपुर थाना कोटमी की रहने वाली है। उस पर 14 लाख रुपए का इनाम था।

जानकारी के मुताबिक, हॉकफोर्स को 5 सितंबर को बालाघाट के थाना बैहर क्षेत्र के परसाटोला चिचरंगपुर जंगल क्षेत्र में केबी डिवीजन के नक्सिलयों के होने की जानकारी मिली। सूचना के आधार पर हॉक फोर्स स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सर्चिंग के दौरान पुलिस पार्टी को दो संदिग्ध दिखाई दिए। घेराबंदी कर साजंती को पकड़ लिया गया। जबकि उसके साथ घूम रहा अन्य सदस्य घने की जंगल की तरफ भाग निकला। सर्चिंग के दौरान जब पुलिस पार्टी साजंती को लेकर वापस आ रही थी, उसी दौरान इस क्षेत्र में केबी डिवीजन के अन्य माओवादी सदस्यों ने पुलिस पार्टी पर अपने साथी सदस्य को छुड़ाने के लिए फायर करने शुरू कर दिए। उनकी तरफ से करीब 30-40 फायर किए गए। आत्मरक्षा करते हुए हॉकफोर्स के जवानों ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान नक्सली अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। भागे हुए नक्सलियों की धरपकड़ के लिए सीआरपीएफ कोबरा और हॉक फोर्स की टीम सर्चिंग अभियान चला रही हैं।

**संजीता 2011 में शामिल हुई, एमपी में 6 केस:** गिरफ्तार नक्सली साजंती साल 2011 में नक्सल संगठन में शामिल होकर मध्यप्रदेश, छत्तीसगड़, महाराष्ट्र की कई घटनाओं में शामिल रही है। साल 2016 से एमएमसी जोन में केबी डिवीजन के अंतर्गत खटिया मोचा दलम की सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य कर रही थी। मध्यप्रदेश में उसके खिलाफ 6 आपराधिक प्रकरण हैं। हॉक फोर्स अन्य राज्यों में दर्ज आपराधिक प्रकरणों की जानकारी प्राप्त कर रही है।

### 5 साल में 20 इनामी नक्सली मारे गए

पिछले 5 साल में पुलिस-नक्सल मुठभेड़ों में 20 इनामी नक्सली मारे गए। इन सभी मृतक नक्सलियों पर मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगड़ संयुक्त रूप से 3.31 करोड़ का इनाम घोषित था। उपलब्धियों के लिहाज से वर्ष 2022 ऐतिहासिक रहा है, इस दौरान 3 मुठभेड़ों में 6 नक्सलियों को मार गिराया। मृतक नक्सलियों में 03 डीव्हीसीएम, 1 कमाडंर था। जिनके पास से 3 एके-47 रायफल जब्त की गई। 5 वर्षों के दौरान विभिन्न मुठभेड़ों में 5 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इन नक्सलियों पर संयुक्त रूप से 138 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

## बाइक की टक्कर से आरक्षक गंभीर घायल

**भोपाल।** टीटी नगर स्थित 74 बंगला इलाके में बाइक सवार एक आरक्षक को पीछे से आ रहे मोटर सायकिल चालक ने टक्कर मार दी, जिससे आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक राम बहादुर सोनी (44) इंदौर स्थित 15वीं बटालियन में आरक्षक हैं। फिलहाल वह बारह क्वार्टर भदभदा रोड भोपाल में रहते हैं और वल्लभ भवन में ड्यूटी करते हैं। गुरुवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे वह वल्लभ भवन से ड्यूटी करके शासकीय मोटर सायकिल से लौट रहे थे। 74 बंगला स्थित बी-8 के सामने पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे राम बहादुर बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गये। टक्कर मारने वाला मोटर सायकिल चालक वहां से भाग निकला।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022